आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 34 ● कटनी ● सोमवार, 6 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## अमेरिका में हाउस पार्टी के दौरान गोलीबारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका से बड़ी खबर आ रही है। यहां जॉर्जिया के डगलस काउंटी में एक हाउस पार्टी के दौरान दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस पार्टी में 100 से ज्यादा नाबालिग शामिल होने पहुंचे थे। गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने सीएनएन को बताया कि ये घटना अटलांटा से लगभग 20 मील पश्चिम में डगलसविले शहर में हुई है। घर के मालिक के अनुसार, उन्होंने अपनी बेटी के 16वें जन्मदिन पर यह पार्टी आयोजित की थी। बेटी के 100 से ज्यादा दोस्त इस पार्टी में शामिल हुए थे। इस दौरान कुछ लोग मारिजुआना धूम्रपान करने लगे। जिसके बाद उन्होंने 10 बजे पार्टी खत्म करने का फैसला किया। इसी दौरान गोलीबारी हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## लड़कियों के लिए नौसेना में अवसर

**इंदौर,ईएमएस।** महिलाओं को सशक्त बनाने की अपनी खोज में भारतीय नौसेना ने लड़कियों के लिए एक अग्रिम अधिसूचना जारी की है। यह अवसर पहले केवल लड़कों के लिए था, जिसमें 35 रिक्तियों में से पांच शिक्षा शाखा के लिए और तीस नौसेना की कार्यकारी और तकनीकी शाखा के लिए थी। नौसेना लड़कियों और लड़कों के लिए मई 2023 में अधिसूचना प्रकाशित करेगी जिसमें 12वीं कक्षा में पीसीएम में पात्रता 70 प्रतिशत से ऊपर होगी और शार्ट लिस्टिंग जेईई मेन्स अखिल भारतीय सामान्य योग्यता सूची पर आधारित होगी। जन्मतारीख दो जुलाई 2004 से एक जनवरी 2005 के बीच होनी चाहिए।

## » न्यूज गैलरी

### पूर्व सीएम राबड़ी देवी के घर पहुंची CBI डिप्टी सीएम तेजस्वी भी मौजूद

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर आ रही है। पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास पर सीबीआई पहुंची है। और घर में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद है। सीबीआई की टीम तड़के सुबह ही पहुंच गई थी। लेकिन किस मामले में तलाशी ली जा रही है इसकी अभी तक पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। कुछ दिन पहले सीबीआई ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के नाम पर दर्ज मामले में 24 जगहों पर छापेमारी की थी। आरोप है कि जिस समय लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे उस समय उनके कार्यालय में रेलवे में नियमों को ताक पर रखकर भर्तियां की गई और नौकरी के बदले जमीन ली गई। सीबीआई ने 23 सितंबर 2021 को प्रारंभिक जांच शुरू कीसीआई की सामने आया कि रेलवे की भर्ती प्रक्रिया में पोटाला हुआ है. इसके बाद CBI ने 18 मई 2022 को FIR दर्ज कर भी इसमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा वादव समेत अन्य लोगों के नाम है। आरोप है कि जब लालू यादव रेल मंत्री थे तो जॉब लगवाने के बदले जमीन और प्लॉट लिए गए थे।



### मनीष सिसोदिया की CBI रिमांड खत्म

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया को CBI आज दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश करेगी। यहां से उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा जा सकता है। 4 मार्च को कोर्ट ने सिसोदिया की सीबीआई रिमांड दो दिन (6 मार्च) के लिए बढ़ा दी थी, जो आज पूरी हो रही है। हालांकि CBI ने कोर्ट से तीन दिन के लिए उनकी कस्टडी मांगी थी। सिसोदिया की जमानत याचिका पर कोर्ट 10 मार्च को दोपहर 2 बजे फैसला सुनाएगा। CBI ने उन्हें 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। 27 फरवरी को उनकी कोर्ट में पेशी हुई, यहां से सिसोदिया को 5 दिन की CBI रिमांड पर भेजा गया था।



### पहली बार INS विक्रांत पर नौसेना कमांडरों की बैठक


**नई दिल्ली,ईएमएस।** भारत के पहले स्वदेशी प्लेन करियर शिप INS विक्रांत पर पहली बार नौसेना कमांडरों की बैठक होगी। यह बैठक आज समुद्र के बीचोबीच होगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सेना को संबोधित करेंगे। नौसेना के टॉप कमांडरों के साथ देश की सुरक्षा और सैन्य रणनीति को लेकर चर्चा करेंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) अनिल चौहान, आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे और एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी नौसेना के कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे, ताकि तीनों सेनाओं के बीच अच्छा तालमेल बैठ सके। बैठक में पिछले 6 महीनों के दौरान किए गये ऑपरेशन, लॉजिस्टिक, ट्रेनिंग, और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होगी। इसके अलावा हिंद महासागर में चीन की बढ़ती एक्टिविटी पर भी चर्चा हो सकती है। मार्च के अंत में अग्निवीरों का पहला बैच INS चिल्का से पास आउट होने वाला है। इसमें महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। बैठक में अग्निपथ योजना को लेकर भी बातचीत की जाएगी।



# सीन के दौरान घायल अमिताभ, पसली में लगी चोट

■ हैदराबाद, एजेंसी।

अमिताभ बच्चन के फैंस के लिए बुरी खबर सामने आई है। हैदराबाद में शूटिंग के दौरान बच्चन जख्मी हो गए हैं। एक्शन सीन करते हुए बिग बी को चोट लग गई। ऐसे में शूटिंग कैंसिल कर दिया गया है। एक्टर फिलहाल डॉक्टर्स की निगरानी में है। उनका इलाज चल रहा है।अमिताभ बच्चन ने इस हादसे की जानकारी दी है। बताया कि हैदराबाद में प्रोजेक्ट के की शूटिंग के दौरान चोट लगी। ये एक्सीडेंट एक्शन शूट के समय हुआ। बच्चन को पसली में चोट आई है। एक्टर ने बताया, पसली में कार्टिलेज पॉप हो गया है। दाहिनी रिब केज साइड की मांसपेशी फट गई है। हैदराबाद के AIG हॉस्पिटल में अमिताभ बच्चन का सीटी स्कैन किया गया। इलाज के बाद अभिनेता घर वापस आ गए हैं। डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने को कहा है।



### शूटिंग रोकी गई

अमिताभ बच्चन को चोट लगाने के बाद शूटिंग को रद्द कर दिया गया है। जब तक अभिनेता पूरी से ठीक नहीं हो जाते, तब तक मूवी या शूटिंग से संबंधित कोई काम नहीं होगा। बिग बी फिलहाल अपने घर जलसा में आराम कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, चरिब केज में मांसपेशी फट गई है। शूटिंग को रद्द कर दिया गया है। पट्टी बांधी गई है और इलाज किया जा रहा है। काफी ज्यादा दर्द हो रहा है। हिलने-डुलने में तकलीफ हो रही है। सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है। इस दर्द के लिए मुझे कुछ दवाएं दी गई हैं। ठीक होने में अभी कुछ हफ्ते लगेंगे।

### सांस लेने में हो रही परेशानी

बिग बी ने बताया कि उन्हें काफी दर्द हो रहा है। मूव करने और सांस लेने में परेशानी हो रही है। ठीक होने में अभी समय लगेगा। एक्टर को दवाइयां दी गई है। डॉक्टर्स ने उन्हें कुछ पेन किलर्स दी हैं, ताकि दर्द से जल्द आराम मिल सके।

### अमिताभ ने लिखा- जलसा पर फैंस से नहीं मिल पाऊंगा

बिग बी ने लिखा, जब तक मैं ठीक नहीं हो जाता, तब तक के लिए सारा कामकाज बंद कर दिया गया है। मैं जलसा में आराम कर रहा हूं। जरूरी चीजों के लिए ही थोड़ा बहुत चलूंगा। हां, आराम तो चलता ही रहेगा। मेरे लिए यह कहना काफी मुश्किल है पर मैं जलसा के गेट पर अपने चाहने वालों से नहीं मिल पाऊंगा तो वो ना आएं। आप उन लोगों को भी यह बात बता दें, जो जलसा आने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा बाकी सब ठीक है।

### दिवाली से पहले भी घायल हुए थे अमिताभ

अमिताभ बच्चन ने दिवाली से ठीक पहले अपने पैर की नस कटने की जानकारी दी थी। उन्होंने खुद एक ब्लॉग के जरिए बताया था कि पैर की नस कटने पर खूब खून बहा। उन्हें अस्पताल का चक्कर भी काटना पड़ा, जहां डॉक्टर्स ने उनके पैर पर टांके लगाए थे। अमिताभ बच्चन ने अपने पर्सनल ब्लॉग से इस घटना की जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा था- मेटल के एक टुकड़े ने मेरे बाएं पैर के काफ को काट दिया, जिससे नस कट गई थी। नस कटते ही मेरे पैर से काफी खून बहा। समय पर स्टार और डॉक्टर्स की टीम की मदद से मैं समय पर ठीक हो सका। ऑपरेशन थिएटर ले जाकर मेरे पैर में टांके लगाए गए।

# नागालैंड में नहीं होगा कोई विपक्ष?

### चुनाव जीतने वाले ज्यादातर दलों ने NDPP-BJP गठबंधन को दिया समर्थन

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

नागालैंड विधानसभा एक बार फिर से विपक्षविहीन होने की तरफ आगे बढ़ रहा है। यहां चुनाव में बहुमत हासिल करने वाली एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को चुनाव जीतने वाले लगभग सभी दलों ने बिना शर्त समर्थन दिया है। पिछली बार यानी 2018 में भी यही हुआ था। तब भी नागालैंड के सारे 60 विधायक सरकार में शामिल थे।

इस बार नागालैंड में सबसे ज्यादा राजनीतिक दलों ने जीत हासिल की है। दो मार्च को चुनाव के नतीजे आए थे। आंकड़ों के अनुसार, NDPP को 25, भाजपा को 12 सीटों पर जीत मिली थी। इन दोनों पार्टियों ने चुनाव से पहले ही गठबंधन कर लिया था। एनसीपी तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। इनके सात सदस्यों ने चुनाव में जीत हासिल की थी। इसके अलावा एनपीपी के पांच, चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास), एनपीएफ, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के दो-दो सदस्यों ने जीत हासिल की थी। जेडीयू के टिकट पर एक प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। ये पहली बार है जब इतने सारे राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने चुनाव में जीत हासिल की हो।



### पहले भी बिना विपक्ष वाली सरकार बनी है

ये पहली बार नहीं है, जब नागालैंड में बिना विपक्ष वाली सरकार बनी है। इसके पहले 2015 और 2021 में सरकार के चालू कार्यकाल के दौरान विपक्ष-रहित सरकारें बनीं। हालांकि यह पहली ऐसी विधानसभा होगी, जो सदन के शपथ लेने से पहले ही विपक्ष-रहित होने वाली है।

### बिना शर्त इन पार्टियों ने भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन का दिया समर्थन

एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को लगभग सभी दलों ने बिना शर्त समर्थन दिया है। सूत्रों के अनुसार, लोजपा (रामविलास), आरपीआई (अठावले), जद (यू) पहले ही गठबंधन सहयोगियों को समर्थन पत्र सौंप चुके हैं। एनसीपी ने शनिवार को नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली एनडीपीपी को चबिना शर्तज समर्थन देने वाला एक पत्र सौंपा। इसी तरह, एनपीएफ के महासचिव अचुम्बेमो किकोन ने कहा कि उनकी पार्टी भी एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को समर्थन दे सकती है। हालांकि अभी इसपर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। एनपीएफ के समर्थन देते ही नागालैंड में सर्वदलीय सरकार बन जाएगी।

# कश्मीर में 34 साल बाद 200 फिल्मों की शूटिंग

**साऊथ, बॉलीवुड, टॉलीवुड सहित रीजनल फिल्म प्रोड्यूसर आ रहे**

■ श्रीनगर, ईएमएस।

फिल्मी पर्दे पर कश्मीर का सौंदर्य फिर निखर रहा है। पिछले दो साल के दौरान बॉलीवुड की 200 फिल्मों, वेब सीरीज और एल्बम की शूटिंग को यहां मंजूरी प्रदान की गई। ये पिछले 34 साल का रिकॉर्ड आंकड़ा है। कश्मीर 90 के दशक की शुरुआत से आतंकवाद की गरमी से झुलसने लगा था। अब सुरक्षा की दृष्टि से हालात काफी हद तक बेहतर हो गए हैं। बॉलीवुड सहित दक्षिण भारतीय फिल्मकार भी यहां पर शूटिंग कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर फिल्म विकास परिषद (जेकेएफडीसी) का गठन 2021 में हुआ था। फिल्म शूटिंग की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था है। अब तक लगभग एक हजार से ज्यादा कलाकारों का जेकेएफडीसी में रजिस्ट्रेशन है। इससे स्थानीय कलाकारों को काम मिलने में आसानी होती है।



### नए डेस्टिनेशन की तलाश

जम्मू-कश्मीर में फिल्मों की 90त्न शूटिंग कश्मीर में होती है। फिल्मकार अब कश्मीर के गुलमर्ग, पहलगाम, डल लेक जैसे परंपरागत स्थलों के अलावा नए डेस्टिनेशन जैसे बांदीपोरा के गुरेज और वूलर, दूधपथरी और योशमर्ग में शूटिंग कर रहे हैं।

**यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें**

**मो. 9407348995, 7999718732**

**किसी और से शादी न कर सके**

# सनकी ने डॉक्टर की बेटी के सीने पर ब्लेड से लिख दिया अपना नाम

■ कानपुर, एजेंसी।



यूपी के कानपुर से एक दिल दहलाने वाली घटना प्रकाश में आई है। सिरफिरे बॉयफ्रेंड ने छात्रा के सीने पर ब्लेड से अपना नाम लिख दिया, ताकि वो किसी से शादी न कर सके। इसके साथ ही लाइटर से बाल भी जलाए। पीड़िता के पिता का दर्द पुलिस के सामने फूट पड़ा। पिता ने रोते हुए पुलिस को बताया कि बेटी के वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ रेप करता रहा। हुक्काबार में भी बेटी से रेप किया और उसके दोस्तों ने भी रेप की कोशिश की। पुलिस ने रविवार की रात आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। बर्रा थाना क्षेत्र स्थित रहने वाले दंपती पेशे से डॉक्टर हैं। पति-पत्नी कानपुर देहात के एक हॉस्पिटल में तैनात हैं। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि मेरी बेटी 16 वर्ष की है। उसके इंस्टाग्राम दोस्त विनय ठाकुर ने शुक्रवार को कर्रही स्थित एमजी हुक्काबार में बुलाया। वहां पर उसे हुक्का पिलाया और फिर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद उसके साथ रेप किया। विनय ठाकुर के दोस्तों ने भी बेटी के साथ रेप करने का प्रयास किया। आरोपियों ने दांतों से काटा है।

### वीडियो वायरल करने की देता था धमकी

नाबालिग के पिता ने पुलिस को बताया कि 16 साल की इकलौती बेटी है। कुछ साल पहले विनय ठाकुर नाम के युवक से बेटी की दोस्ती हो गई। उस युवक ने बेटी का अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जब इसकी जानकारी हुई तो लोकलाज के डर से बेटी को 2020 में कोटा पढ़ाई करने के लिए भेज दिया था। उन्होंने बताया कि विनय बेटी का पीछा करते हुए कोटा पहुंच गया था।

# राहुल बोले- देश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा छिपा हुआ मुद्दा, साहस और कायरता के बीच है लड़ाई

### विपक्ष को संसद में मुद्दे उठाने की इजाजत नहीं

■ लंदन, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों लंदन यात्रा पर हैं, पहले कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और अब लंदन में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की है। लंदन में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पाया कि देश में मुख्य मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी हैं। इसके अलावा महिलाओं के खिलाफ हिंसा भी एक छिपा हुआ मुद्दा है। रविवार को लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मुझे भारतीय राजनीति और वैश्विक राजनीति पर बात करने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में बोलने की अनुमति दी गई थी, जो मैंने किया, और वहां काफी अच्छा माहौल है। मैं सोच रहा था कि जब मैं वहां बोल रहा था, यह काफी अजीब है कि एक भारतीय राजनेता कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और हार्वर्ड विश्वविद्यालय में भाषण दे सकता है, लेकिन वह भारत के एक विश्वविद्यालय में भाषण नहीं दे सकता है। केंद्र पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि विपक्ष को संसद में मुद्दे उठाने की इजाजत नहीं है।किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि एक या दो व्यवसायी लगभग हर व्यवसाय को नियंत्रित करते हैं। वह हाल ही में प्रसिद्ध हुए हैं, आप उनकी संपत्ति पर रिपोर्ट देख सकते हैं। यह भारतीय लोगों की कीमत पर है। एक व्यक्ति अपने राजनीतिक संबंधों के कारण सारा पैसा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विपक्ष के किसी भी विचार और विपक्ष की किसी भी अवधारणा पर चर्चा करने की अनुमति नहीं देती है। राहुल बोले कि विपक्ष को संसद में चीनी सैनिकों की भारत में घुसपैठ का मुद्दा उठाने की इजाजत नहीं है।संसद भवन में भी ऐसा ही होता है, जब हमें महत्वपूर्ण चीजों के बारे में बात करनी होती है और नोटबंदी, जीएसटी, चीनीयों का हमारे क्षेत्र के अंदर आना जैसे सवालों को उठाने की कोशिश करते हैं, तो हमें उन्हें सदन में उठाने की अनुमति नहीं दी जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि यह एक सच्चाई है, यह शर्मनाक है, लेकिन यह सच है, और यह वह भारत नहीं है जिसके हम सभी आदी हैं। हमारा देश एक खुला देश है जहां हम अपनी बुद्धिमत्ता पर गर्व करते हैं, एक-दूसरे की राय का सम्मान करते हैं, एक-दूसरे की बात सुनते हैं जो अब नष्ट हो चुका है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के पीछे का मकसद सीधे जनता के बीच जाना है।



### महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं के खिलाफ हिंसा देश में प्रमुख मुद्दे

कांग्रेस नेता राहुल ने कहा कि भारत में कई महान लोग यात्रा पर गए हैं, सबसे प्रसिद्ध यात्रा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा की गई थी। विवेकानंद जी जाहिर तौर पर देश भर में चले। गुरु नानक जी देश भर में चले। लोगों की एक सूची है, जिन्होंने यात्रा के इस विचार का उपयोग किया। और यह यात्रा वास्तव में एक आत्मनिरीक्षण है, लोगों को सुनने का प्रयास है, और लोगों की आवाज सुनने का प्रयास है। यात्रा के बारे में बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं के खिलाफ हिंसा देश में प्रमुख मुद्दे हैं।

# उमेश पाल हत्याकांड में पहली गोली मारने वाला उस्मान भी एनकाउंटर में ढेर



■ प्रयागराज, ईएमएस।

प्रयागराज में 24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस ने दूसरा एनकाउंटर भी कर दिया है। उमेश पाल को पहली गोली मारने वाला विजय कुमार उर्फ उस्मान चौधरी एनकाउंटर में मारा गया है। पहले खबर आई थी कि एककाउंटर में वह घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है, लेकिन अब उसके मारे जाने की पुष्टि कर दी गई है। उमेश पाल हत्याकांड में उत्तर प्रदेश पुलिस इससे पहले भी एक एनकाउंटर कर चुकी है, जिसमें पुलिस ने अतीक अहमद के करीबी अरबाज को मार गिराया था। पुलिस को जानकारी मिली है कि उमेश पाल की हत्या में जिस क्रेटा कार का इस्तेमाल किया गया था, उसे अरबाज ही चला रहा था। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में 24 फरवरी को उमेश पाल की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। उसके बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक्शन में आ गई और माफिया पर पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। हत्याकांड में एक और आरोपी का एनकाउंटर कर दिया गया है।

# यूट्यूब देखकर 15 साल की नाबालिग ने बच्ची को जन्म दिया

### फिर नवजात को मारकर डिब्बे में छिपा दिया

■ नागपुर, एजेंसी।



महाराष्ट्र के नागपुर शहर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां यूट्यूब देखकर एक 15 साल की नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया और फिर उसे मारकर एक डिब्बे में बंद कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सोशल मीडिया के जरिए लड़की एक युवक से मिली थी। जिसके बाद दोनों के बीच जान-पहचान हुई। युवक ने बच्ची का यौन शोषण किया था। बाद में बच्ची गर्भवती हो गई। पुलिस के मुताबिक, नागपुर के अंबाझरी इलाके की बच्ची ने अपनी मां को तबियत खराब होने की बात कहकर गर्भवती होने की बात छिपाई। किसी को मालूम न चले इसके लिए उसने यूट्यूब पर वीडियो देखना शुरू किया। दो मार्च को वीडियो देखकर उसने घर पर ही एक बच्ची को जन्म दिया और तुरंत नवजात की गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को उसने अपने घर में एक डिब्बे में छिपा दिया। पुलिस के अनुसार, जब किशोरी की मां घर पहुंची तो उन्होंने उसके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। उन्होंने कहा, च्लड़की ने आपबीती अपनी मां को बताई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। नवजात के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

**क्राईम** — **दो माह तक पानी टंकी में छिपा रखा था**

# पत्नी की हत्या कर शव को पांच टुकड़ों में काटा

**बिलासपुर, एजेंसी।** चोरी का सामान खोज रही पुलिस को पानी की टंकी से बदबू आई। झांककर देखने से पता चला कि प्लास्टिक से लिपटा हुआ कुछ है। निकालकर देखा गया तो पुलिस के पैरों तले जमीन खिसक गई। एक महिला का शव पांच टुकड़ों में था। युवक से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपनी पत्नी की हत्या करने की बात कबूल कर ली। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपित को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली कि तखतपुर निवासी पवन सिंह ठाकुर उसलापुर में किराए के मकान में रहता है। उसकी गतिविधियां संदिग्ध है। युवक तखतपुर में हुई चोरी के मामले में शामिल रहा है। इस पर जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में वह गोलमोल जवाब दे रहा था। इस पर जवान उसे लेकर उसके किराए के मकान में उसलापुर पहुंचे। यहां युवक की मौजूदगी में तलाशी करते हुए जवान छत पर पहुंचे। इस बीच जवानों को बदबू आई। इस पर एक जवान ने छत पर रखी पानी की टंकी में झांककर देखा।अंदर प्लास्टिक में पैक एक बैगनुमा सामान से बदबू आ रही थी। इस पर जवानों ने इसके संबंध में पूछताछ की। इस पर युवक टालमटोल करने लगा। कड़ाई करने पर उसने बताया कि दो महीने पहले अपनी पत्नी सीता साहू की हत्या कर शव को टंकी में डाल दिया है। इसे सुनते ही जवान सकते में आ गए। घटना की जानकारी तत्काल अधिकारियों को दी गई। साथ ही सकरी पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। इस पर सकरी पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को टंकी से निकलवाया गया। इसके बाद शव चीरघर भेज दिया गया है। इधर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। उससे घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है।



### अवैध संबंध की आशंका पर हत्या

प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि युवक मूल रूप से तखतपुर का रहने वाला है। उसने दूसरी जाति की युवती सीता साहू से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद वह सीता के साथ उसलापुर में किराए के मकान में रहता था। दोनों के बीच अवैध संबंध की आशंका पर आए दिन विवाद होता था। इसी कारण युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी।

### नकली नोट मिलने की भी चर्चा

मकान की छत पर रखी पानी की टंकी से महिला की लाश मिलने के बाद मोहल्ले में तरह-तरह की चर्चा रही। लोगों के बीच चर्चा रही कि युवक कोई काम नहीं करता था। इसके बाद भी वह आराम से रहता था। इसके लिए वह शहर में नकली नोट का उपयोग करता था। पुलिस उससे नकली नोट के संबंध में ही पूछताछ करने आई थी। आसपास के लोगों के बीच उसकी गतिविधियां संदिग्ध थी।

## खाद्य विभाग ले सकता है फिर मिठाई के सैंपल पर रिपोर्ट दिवाली तक ही आएगी

# मीठा जहर
# सावधान! होली पर रंग-बिरंगी मिठाई आपके स्वास्थ्य को कर सकती बदरंग

**कटनी, यशभारत।** सावधान हो जाइए कही आप भी कटनी शहर की मिठाइयां तो नहीं खरीद रहे हैं। क्योंकि होली के त्यौहार की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में मिठाई के बिना त्यौहार अधूरा है। लेकिन अगर आपकी मिठाई में मिलावट खोरी या फिर गंदगी हो तो फिर आपका क्या होगा। क्योंकि शहर के होटलों और मिठाई दुकानों में मिलावट खोरी का मामला नया नहीं है। रंग बिरंगी मिठाई जिसे देख कर हर किसी को खाने की इच्छा हो जाए पर यह इच्छा होली में आपके स्वास्थ्य को बदरंग कर सकती है। घटिया मावे के साथ बनी मिठाईयों का दौर कटनी शहर या उपनगरीय क्षेत्र अथवा गांवों में जमकर चलेगा अगले दो दिनों तक आपको मिठाई की दुकानों में जितनी भीड़ नजर आएगी ठीक उतनी ही मिलावटी मिठाई की एक से बढ़ कर एक वेरायटी भी दिखेंगी। सवाल यह कि यह तो अब परंपरा सी बन गई है। कोई भी त्योहार के पहले मिठाईयों में मिलावट खोरी से मुनाफा आम है ऐसा नहीं कि इस ओर जिम्मेदार खाद्य विभाग या फिर नगर निगम का खाद्य अमला और तो और सरकारी अस्पताल में भी खाद्य अमला है जो अपनी पूरी टीम के साथ जांच के लिए निकलता है। यह जांच आज से अगले दो दिनों तक सरकारी विज्ञप्ति में दिखेगी भी पर इस जांच की रिपोर्ट दिवाली तक भी आ जाए तो गनीमत है क्योंकि कटनी में आज तक कोई ऐसा मामला सामने नही आया जिसमें किसी मिठाई मिलावटखोर पर कोई कड़ी कार्रवाई की गई हो। बहरहाल तैयार रहें मिठाई वाले भी और आम जन भी यह खाद्दय विभाग का अमला जांच के लिए बस किसी भी वक्त निकल सकता है। कटनी में तीन चार बड़ी मिठाई की दुकानों में आज से ही भारी भीड़ नजर आने लगी। इन दुकानों में कब क्या कार्रवाई हुई कोई नहीं बता सकता। कुल मिलाकर जनता ही सतर्क रहे। प्रशासन की सतर्कता सिर्फ औपचारिकता ही निकलने वाली है। बीते त्योहार मतलब करीब 5 माह पहले दिवाली पर शहर के होटलों और मिठाई की दुकानों पर खाद्य विभाग और प्रशासन की टीम मिलकर छापेमारी कार्रवाई की थी जिसमें करीब 15 मिठाई दुकानों में 80 मिठाई के सैंपल लिए गए हैं और यह सैंपल वही मिठाई है जो आप अपने घर तक लेकर जाते हैं। लेकिन अगर भाईयों में गंदगी या फिर केमिकल पाउडर मिलावट खोरी हो तो फिर आप को कितना नुकसान पहुंचा सकते हैं, यह आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते। सवाल यह नहीं बल्कि यह है कि दिवाली की मिठाई सेंपल की रिपोर्ट होली तक नहीं मिली।



### लीवर इंफेक्शन, उल्टी दस्त का खतरा

मिलावटी या डेट एक्स्पायर या सिन्थेटिक दूध से निर्मित मिठाइयों का यदि आप सेवन करते है तो आप के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। बताया कि खास तौर पर बाज़ारो में खुले में बिकने वाली मिठाई को नहीं लेना चाहिए। जिस पर धूल या अन्य मक्खी बैठ जाने से दूषित होती है। जो स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक होती है। इसके अलावा मिलावटी या डेट एक्सस्पायर मिठाई खाने से व्यक्ति को उल्टी-दस्त, फ़ूड पॉइज़निंग, डायरिया भी हो सकती है। मिठाई में पड़े रंग भी काफी नुकसान दायक होता है। उससे कैंसर या लीवर इंफेक्शन हो सकता है। कभी-कभी ज्यादा उल्टी-दस्त शुरू हो जाता है तो दिक्कतें बढ़ जाती है। ऐसे में व्यक्ति को डेट एक्सस्पायर व सिन्थेटिक दूध से बनी मिठाईयां या कलरफुल मिठाई खाने से बचना चाहिए और मिठाई खरीदते समय सतर्कता बरतनी चाहिए।

### रखना चाहिए एक्सपायरी डेट

ज्यादातर पहले से मिठाइयां बनी रहती है या फिर रेडीमेड यानी बना बनाना खरीदकर दुकानदार बिक्री करते है। जिससे पता नहीं हो पाता है मिठाई कब की और कहां से बनी है। इसकी खाने का समय सीमा क्या है। जबकि सरकार का आदेश है कि मिठाई की दुकानों पर बिकने वाली मिठाइयां की मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सस्पायरी डेट लिखकर लगाएं लेकिन ऐसा बाज़ारों में पालन नहीं होता



## गलत या नकली रंगों का उपयोग हो सकता है खतरनाक

**कटनी, यशभारत।** रंग-बिरंगे होली के रंगों से त्योहार मनाते हैं। बच्चे रंगों को लेकर बहुत उत्साहित रहते हैं। बाजारों में होली के रंग बिकने शुरू हो गए हैं। पक्के रंगों से लेकर कई तरह के अबीर गुलाब, हर्बल कलर बाजारों में मिल जाएंगे। हालांकि अक्सर लोग गलत या नकली रंगों का उपयोग करते हैं, जिससे उनकी त्वचा पर रिएक्शन हो जाता है। होली के रंगों से चेहरे व त्वचा पर खुजली, जलन समेत कई तरह की समस्याएं हो सकती है। ऐसे में होली पर रंग खेलना है तो रंगों की खरीदारी सोच समझ कर रहें। होली पर रंग खरीदते समय कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### पैकेजिंग की जांच

होली के लिए रंग खरीदने निकले हैं तो सबसे पहले रंग की पैकेजिंग की जांच अच्छे से करें। पैकेट पर रंगों में उपयोग होने वाली सामग्रियों को ध्यान से पढ़ें। अगर उसपर लिखा है कि रंग को बनाने में गुलाब, हल्दी, जैसी सामग्री का उपयोग हुआ है तो समझ जाएं कि यह नैचुरल रंग हैं। आप इस तरह के नैचुरल रंगों को खरीद सकते हैं। वहीं अगर रंग बनाने की सामग्री में केमिकल का उपयोग हुआ है तो रंग न खरीदें।

### एक्सपायरी डेट की जांच

अक्सर दुकानदार होली के रंगों में पिछले साल के रंगों को शामिल कर के बेच देते हैं। इसलिए रंग खरीदते समय उनकी पैकेजिंग में एक्सपायरी डेट जरूर चेक कर लें। सामान्यत-नेचुरल रंगों में प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल होने के कारण उसकी एक्सपायरी डेट 6-7 महीने की होती है।

### पैच टेस्ट

किस तरह के रंगों के उपयोग से त्वचा पर बुरा असर पड़ सकता है, इस बात का पता लगाने के लिए आप अपना स्किन पैच टेस्ट करवाएं। इससे पता चल जाएगा कि किन किन रंगों से त्वचा संबंधी समस्या हो सकती है।

## रंग खरीदते समय रखें इन बातों का ध्यान

केमिकल युक्त रंगों की पहचान पैकेट पर लिखी सामग्री के अलावा भी कई तरीके से की जा सकती हैं। केमिकल वाले रंगों में स्पार्कल होता है, जिससे इस तरह के रंग चमकीले दिखते हैं। रंगों की चमचमाहट देखकर उसे न खरीदें। यह रंग चेहरे पर लगाने से त्वचा छिल सकती हैं। इसलिए खरीदारी करते समय रंग को छूकर देखें कि कहीं उसमें स्पार्कल तो नहीं है। अगर डिब्बाबंद रंग खरीद रहे हैं तो दुकानदार से पूछ सकते हैं कि यह नेचुरल है या नहीं। नेचुरल कलर हल्के होते हैं।



कटनी में होली की खरीददारी कल देर शाम और आज सुबह से शुरू हो गई थी। सुभाष चौक में पैर रखने की जगह नहीं थी बच्चों में रंग पिचकारी को लेकर खासा उत्साह दिखा। कल 7 मार्च को होलिका दहन जबकि 8 मार्च को होली खेली जाएगी। शहर में इसका उत्साह साफ नजर आ रहा है।



## कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर आमोद खंपरिया, विक्की तिवारी, तुलसी रजक और अप्पू भाईजान ने अपने अनेकों साथियों के साथ प्रदेश महासचिव प्रियदर्शन गौर के द्वारा कांग्रेस की सदस्यता ली।

इस अवसर पर श्री गौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्म निरपेक्ष पार्टी है और कांग्रेस के राज में हर वर्ग का विशेष ध्यान देकर नीतियां बनाई जाती है लेकिन भाजपा के राज में सिर्फ उद्योगपतियों को ही लाभ दिया जा रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से आम जनता बेहाल है और बढ़ती महंगाई ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। बैठक में जिला संगठन मंत्री अरुण कनौजिया मामा, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष रजनी वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी लाल स्वर्णकार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र कनकने, युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री विवेक पांडे गोल्डन, उप नेता प्रतिपक्ष ईश्वर बहरानी, पूर्व पार्षद संजय सिंह गोरा, राजेश जाटव, अजय जैसवानी, नारायण निषाद, सुरेंद्र मिश्रा गुल्लू, उपभोक्ता कांग्रेस अध्यक्ष देवीदीन गुप्ता, संजय गुप्ता, दिग्विजय सिंह, विक्रम विकल पुरस्वानी, आदित्य कटारे, रविसिंह ठाकुर, शकील सैयद, नंदकिशोर श्रीवास, अजय सुहाने, दुर्गावती कोल, सुनीता सिंह, जितेंद्र दुबे, सुशील जायसवाल, रूपा तिवारी, मुकेश मिश्रा, मंगल सिंह, सोबरन श्रीवास्तव, नूर मोहम्मद, विजय सिंह नौशाद हाफिज आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## होली की मस्ती में मुस्कुराहटें खिली बस्ती में, वीमेंस का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** होली का त्योहार एक दूसरे के प्रति प्रेम और स्नेह की भावना पैदा करता है। रिश्तों में मिठास, और ढेर सारी खुशियां लाता है। कुछ ऐसी ही खुशियां, कुछ ऐसी ही मुस्कुराहट सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया कटनी चैप्टर के ग्रुप हैड सदस्यों पूजा पृथ्यानी, कंचन केवलानी, याशिका सिंघानिया, पूनम आहूजा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जागृति पार्क मे होली पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर मुंह मीठा किया। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की अध्यक्ष नीलम जगवानी के अनुसार कि आज हम सभी ने मिलकर अपना तृतीय स्थापना दिवस समारोह एवं होली मिलन समारोह का आनंद लिया है। साथ ही साथ आज हमारे ग्रुप में 12 नए सदस्यों ने भी संस्था को ज्वाइन किया है तो अंतरराष्ट्रीय वूमेंस डे के उपलक्ष में उन सभी 12 सदस्यों का सम्मान किया। तथा स्वागत किया है। सभी के चेहरों पर मुस्कुराहट ने होली के पर्व को और भी सुंदर और गौरवशाली बना दिया है। कार्यक्रम में काउंसिल के सदस्यों में नीतू लालवानी, मोना पुरस्वानी, कविता सचदेव, सुमन छत्तानी, एकता बत्रा, कला रीझवानी, अनीता, आशा जोधवानी, मधु,लक्ष्मी इंदु, खूबचंदानी, कशिश रोहरा पलक आहूजा लता पृथ्यानी, पलक पुरस्वानी,सोनम रूपचंदानी, मनीषा महक, कंचन,कुसुम गिडवानी, रेशमा पंजवानी, पूजा मंगलानी, सिमरन सहजवानी, सपना फोटवानी, मीनू मोटवानी, विनी गलानी, हर्षा कृपलानी वर्षा ,गीता ,कविता ,संगीता ,पूनम तनवानी,संगीता मेघानी, मीनू मोटवानी, राखी तीर्थनी, काजल जादवानी, हितिशा बसेरा, टीशा कटारिया, रजनी जागृति,जोधवानी , युक्ति मूलचंदानी, सुनीता सुखवानी, पूजा सीतलानी, पिंकी हीरानी, मिशिका इसरानी,की उपस्थिति रही। अंत में सभी सदस्यों ने एक दूसरे को भी गुलाल लगाकर तिलक होली मनाते हुए पानी बचाने का संकल्प लिया



## रीवा इतवारी ट्रेन से कटनी को भी लाभ

कटनी, यशभारत। जबलपुर से गोंदिया के बीच निर्मित नए ब्रॉडगेज मार्ग पर दो नई ट्रेन प्रारम्भ हो रही है, जिनमें एक पैसेंजर ट्रेन प्रतिदिन एवँ एक एक्सप्रेस ट्रेन रीवा-इतवारी-रीवा सप्ताह में चार दिन चलाई जाएगी। यह ट्रेन कटनी जबलपुर होकर जाएगी। मतलब इस ट्रेन का फायदा कटनी के यात्रियों को भी मिलेगा इस ट्रेन से कटनी से नागपुर जाने के लिए समय की बचत होगी। रात में ट्रेन में बैठो सुबह नागपुर कटनी से रोजाना सैकड़ों लोग इलाज के लिए नागपुर जाते हैं किन्तु अभी तक जो ट्रेनें चलती थीं वह इटारसी होकर जातीं थी जिससे नागपुर का रास्ता काफी लंबा हो जाता था। जबलपुर गोंदिया ब्राडगेज निर्माण के बाद अब बालाघाट गोदियां से नागपुर का रास्ता काफी कम हो गया है इसी रेल मार्ग से यह ट्रेन चलेगी। इस ट्रेन के लिए जबलपुर सांसद राकेश सिंह के प्रयास की प्रशंसा हो रही है। सांसद राकेश सिंह ने बताया कि मैंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया था कि जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज परियोजना पूर्ण होने के बाद इस रेलमार्ग पर नियमित लंबी दूरी की ट्रेन प्रारम्भ की जाए, ताकि इस मार्ग के यात्रियों को सुविधा मिल सके, जिस पर रेल मंत्री ने आश्वासन दिया था कि कोरोना संकट के समाप्त होने के बाद इस रूट पर और ट्रेन प्रारम्भ की जाएगी और प्रसन्नता की बात है कि अब जबलपुर से गोंदिया तक के लिए प्रतिदिन एक पैसेंजर ट्रेन चलाई जा रही है, जिससे जबलपुर, ग्वारीघाट, गढ़ा, बरगी के यात्रियों के लिए रेल यातायात का सुगम साधन होगी. उन्होंने बताया कि इसी के साथ रीवा से जबलपुर और जबलपुर से इतवारी (नागपुर) तक सप्ताह में चार दिन एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जा रही है, जिससे जबलपुर के रेल यात्रियों को इस मार्ग से रीवा और नागपुर तक जाने के लिए बेहतर साधन होगी। सांसद श्री सिंह ने कहा आज़ादी के बाद पहली बार इस मार्ग पर लंबी दूरी की ट्रेन प्रारम्भ हो रही है इससे न केवल जबलपुर के यात्रियों बल्कि महाकौशल क्षेत्र के सभी लोगों को लाभ मिलेगा और यह पूरे महाकोशल के लिए प्रसन्नता की बात है। रीवा जबलपुर इतवारी एक्सप्रेस सप्ताह के चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार व रविवार को शाम 5.20 बजे रीवा से प्रारम्भ होकर रात्रि 9.40 बजे जबलपुर पहुंचेगी और रात्रि 9.50 पर जबलपुर से चलकर सुबह 8.40 बजे इतवारी पहुंचेगी, इसी तरह यह ट्रेन इतवारी से बुधवार, शुक्रवार, शनिवार व सोमवार को शाम 5.30 बजे चलकर सुबह 4.05 बजे जबलपुर पहुंचेगी और सुबह 4.15 पर जबलपुर से चलकर सुबह 8.20 बजे रीवा पहुँचेगी।







### दुर्गा चौक खिरहनी में सुदामा चरित्र के साथ श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

## जिस मनुष्य में अहंकार उससे परमात्मा दूर ही रहेंगे

**कटनी, यशभारत।** दुर्गा चौक खिरहनी स्थित में श्री रामजानकी संस्था द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सातवे दिन कथा व्यास डा रजनीश शास्त्री महाराज ने सुदामा चरित्र का भावविभोर चित्रण किया।श्रीराम जानकी संस्था की महिला सदस्यों ने जीवंत झांकियों के साथ भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा चरित्र मनमोहक मंचीय चित्रण कर पंडाल में उपस्थित श्रोताओ को भाव-विभोर कर दिया।कथाव्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण ने भौमासुर के अत्याचार से 16108 कन्याओं को कारागार से मुक्त कराया और पटरानी के रूप में स्वीकार किया।उन्होंने कहा मनुष्य जीव स्वार्थ से विवाह करता है मगर परमात्मा निस्वार्थ विवाह करते है।भगवान श्रीकृष्ण ने समाज राष्ट्र के कल्याण के लिये विवाह किया।उन्होंने कहा जीवन में आसन शासन वासन अनुशासन का अनुकरण करने से जीवन का कल्याण है।आत्मतत्व खोने पर आत्मबल आत्मविश्वास को परमात्मा की शरण में जाकर धर्म से जुडकर बढाया जा सकता है। जिस मनुष्य में अभिमान अहंकार कटुता जब तक रहेगा परमात्मा उससे दूर रहेगे। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्री रामजानकी संस्था की अध्यक्ष श्रीमति शशि अग्रवाल संस्था सदस्यों सहित प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. एसके चांडक समाजसेवी भगवान दास माहेश्वरी बजरंग बाल रामायण समाज से लोकप्रिय भजन गायक श्री नंदू खंताल सहित बडी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।



## कांग्रेस नेता का निधन, बेटी ने किया अंतिम संस्कार

**कटनी, यशभारत।** तिलक वार्ड पुरैनी निवासी कांग्रेस नेता कोमल तिवारी का विगत दिवस निधन हो गया। उनकी पुत्री दीक्षा तिवारी ने पिता का अंतिम संस्कार किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का, पूर्व नेता प्रतिपक्ष पार्षद राजकिशोर यादव, प्रदेश महासचिव प्रियदर्शन गौर, संगठन मंत्री अरुण कनोजिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमित शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 06 मार्च 2023

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# गांव-गांव लगेंगे कैम्प, घर बैठे मिलेगा योजना का लाभ

## 25 मार्च से लेकर 30 अप्रैल तक भरे जाएंगे लाडली बहना योजना के आवेदन

**यश भारत खबर विशेष**

**कटनी, यशभारत।** समाज में महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश लाडली बहना योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रूपए की राशि उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। योजना का शुभारंभ कल 5 मार्च से हो गया है और आगामी 25 मार्च से इस योजना के आवेदन भरे जाएंगे। जिले में भी इस योजना के सफल क्रिन्यावयन के लिए प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है, हालांकि अधीनस्थ अमले को योजना को लेकर अब तक कोई निर्देश नहीं मिले है। जानकारी के मुताबिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की इस योजना के क्रियान्वयन में खास भूमिका होगी, लेकिन अभी तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि होली के बाद योजना के तहत पात्र महिलाओं से आवेदन जमा कराए जाएंगे।

लाडली बहना योजना के तहत हाल ही में पात्रता को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई थी, जिसमें बताया गया था कि वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा आवेदक की 5 एकड़ से अधिक जमीन भी नहीं होनी चाहिए लेकिन अब कहा जा रहा है कि योजना का लाभ लेने के लिए आय प्रमाण पत्र की कोई आवश्यकता नहीं होगी। आधार कार्ड और समग्र आईडी के माध्यम से ही दस्तावेजों की पूर्ति की जा सकती है। लाभार्थी महिलाएं बिना आय प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र के ही लाडली बहना योजना के तहत आवेदन फार्म भर सकती है। योजना के अंतर्गत आवेदन ऑफलाइन भरे जाएंगे, इसके बाद उनको ऑनलाइन कर दिया जाएगा। विदित हो कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नर्मदा जयंती के अवसर पर सीहोर जिले के गौरव दिवस और नर्मदा पुरम गौरव दिवस कार्यक्रम में एमपी लाडली बहना योजना को आरंभ करने का ऐलान किया गया था।



अब नहीं होगी आय प्रमाणपत्र की जरूरत

### 25 मार्च से भरे जाएंगे फार्म

बताया जाता है कि आवेदन फार्म भरने के लिए महिलाओं को कहीं भटकने की जरूरत नहीं होगी, घर बैठे इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। आवेदन फार्म भरने के लिए प्रशासन द्वारा गांव-गांव कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आवेदन फॉर्म भरे जाएंगे। योजना के तहत अप्रैल तक फॉर्म भरने का काम पूरा होगा, जिसके बाद मई तक पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की जाएगी। जून से इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के खाते में 1 हजार रुपए की राशि हर महीने भेजी जाएगी। योजना के माध्यम से विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाओं को सरकार द्वारा हर महीने 1 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### हर महीन की तारीख को आएगी राशि

प्राप्त जानकारी के मुताबिक योजना लाडली बहना योजना के अंतर्गत आवेदन करने हेतु ग्राम पंचायत, वार्ड और आंगनवाड़ी केंद्रों में शिविर लगाकर 25 मार्च से 30 अप्रैल तक फॉर्म भरे जाएंगे, जिसके बाद 10 जून से महिलाओं के बैंक खाते में राशि का वितरण शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार द्वारा हर महीने की 10 तारीख को महिलाओं के बैंक खाते में 1000 रुपए भेजे जाएंगे।



# बारहवीं फिजिक्स का पर्चा लीक होने की खबर से मचा हड़कम्प

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ प्रश्न-पत्र

**कटनी, यशभारत।** सोशल मीडिया पर आज सुबह हायर सेकेंडरी बारहवीं फिजिक्स का पर्चा लीक होने की खबर सामने आते ही हड़कम्प मच गया। जिला प्रशासन के साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारी भी अलर्ट हो गए और परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई। सूत्रों के मुताबिक सतना जिले में हायर सेकेंडरी बारहवीं फिजिक्स का पर्चा लीक होने की खबर आज सुबह सामने आई। कुछ वाट्सएप ग्रुपों में इस तरह की खबर वायरल भी हुई। खबर वायरल होने के बाद जब जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई खबरि नहीं मिली है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देश पर सुबह ठीक 9 बजे परीक्षा शुरू कराई गई और 12 बजे शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कलेक्टर अवि प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने भी यही कहा कि अभी तक ऐसी कोई खबर नहीं मिली है।

### इनका कहना है

बारहवीं फिजिक्स का प्रश्न पत्र लीक होने की कोई सूचना नहीं मिली है। मामिशं के निर्देश पर परीक्षा निर्विघ्न संपन्न करवाई गई है।

-पी पी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी



# जरूरतमंद महिलाओं को दिया ब्यूटी पार्लर का सामान

## सर्वशक्ति वूमन्स पावर ग्रुप ने मनाया महिला दिवस

**कटनी, यशभारत।** सर्वशक्ति वुमन्स पावर ग्रुप द्वारा 5 मार्च को महावीर पैरामेडिकल कॉलेज एनकेजे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सर्वप्रथम कटनी की महारानी मां जालपा, मां



कालका, मां शारदा पूजन किया गया। इसके बाद सभी ने महिलाओं के लिए अधिक से अधिक कार्य करने हेतु संकल्प लिया। महिलाओं ने निर्णय लिया कि महिलाओं को अब रोटी नहीं, रोटी कमाने का जरिया देने के लिए सर्वशक्ति ग्रुप अधिक से अधिक कार्य करेगा, इससे पहले भी सर्वशक्ति ग्रुप द्वारा बहुत सी महिलाओं को रोजी रोटी कमाने का जरिया दिया जा चुका है। आज इस बार एक बार फिर सर्वशक्ति ग्रुप द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को पार्लर का पूरा सामान दिया जा रहा है, ताकि वह भविष्य में अपने पैरों पर खड़ी हो सके और अपनी स्वयं की पहचान बना सके। सभी को माता रानी का भोग देने के बाद कार्यक्रम को समाप्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष माही तिवारी, सचिव वाणी गट्टानी, कोषाध्यक्ष श्रुति चौदहा, उपाध्यक्ष संतोषी बड़गैया, उपसचिव संजना पांडे, संगठन मंत्री श्रुति सेठिया, प्रचार मंत्री शिखा खंपरिया, आय व्यय मंत्री नीतू सोनी, व्यवस्था मंत्री रोशनी जायसवाल, शिवानी बर्मन, मनीषा पुरवार, ज्योति पटेल, कार्यकारणी सदस्य रिया खंपरिया, रत्ना अग्रवाल, कामना बड़गैया, श्रद्धा तिवारी, प्रिंसी तोमर, योगिता गुप्ता, श्रद्धा पांडे, उमा गुप्ता, पूनम जैन, पिंकी गैलानी, डॉली जैन, प्रीति गुप्ता, शोभा गुप्ता, रीना श्रीवास्तव, ममता तोमर, कीर्ति मालवीय, सुहाना कारडा, चांदनी अग्रवाल, भव्या जसूजा, रश्मि चतुर्वेदी, रोशनी सोनी, अंकिता गुप्ता, किरण अग्रवाल, पूनम तिवारी, आशा गुप्ता, उर्मिला राजपूत, जलपा पटेल, अनुपमा चौदहा, वेदिका पटेल, ममता ठाकुर, वर्षा अग्रवाल, अनामिका तिवारी, वर्षा मिश्रा, अर्चना गर्ग, श्वेता पाठक, रूपा बर्मन, माधुरी रजक, रोशनी अग्रहरि, ममता कारडा, सची गुप्ता, भावना दुबे, डॉली अग्रवाल, प्रज्ञा प्यासी, रानू तिवारी, श्वेता केसरवानी की उपस्थिति रही।

# लखनऊ ने जीता महापौर चैलेंज कप, फाइनल में कानपुर को 46 रनों से दी मात

## चमचमाती ट्राफी पर जमाया कब्जा, लखनऊ के सावन कुमार सिंह मैन ऑफ द मैच व कानपुर के सौरभ यादव बने मैन ऑफ द सीरीज

**कटनी, यशभारत।** महापौर चैलेंज कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में लखनऊ ने कानपुर को 46 रनों से हराकर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा कर लिया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 25 ओवरों में 185 रन बनाए, जबकि कानपुर की पूरी टीम 139 रनों पर आलआउट होकर मैच हार गई। इसके पहले कानपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। लखनऊ ने 25 ओवर में 9 विकेट पर 185 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लखनऊ की ओर से आदित्य यादव ने 46, निखिल राव ने 40, हिमांशु सिंह ने 39 एवं आदित्य अनव ने 20 रन बनाए। कानपुर की ओर से सौरभ यादव ने 4 विकेट, मीसान अब्बास 2 एवं आशुतोष व शिवम कुमार ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए कानपुर की टीम 23.3 ओवर में 10 विकेट 139 रन ही बना पाई। कानपुर की ओर से शिवम कुमार ने 37, सत्यम अवस्थी ने 27, सौरभ यादव ने 17, आकाश सिंह, वात्सल्य यादव व मीसान अब्बास ने 13-13 रन बनाए। लखनऊ की ओर से सावन कुमार सिंह, विपराज निगम ने 3-3 व प्रिंस साही ने 2 व क्षितिज मिश्रा व सजल वर्मा ने एक-एक विकेट लिया। इस तरह लखनऊ ने 46 रनों से फाइनल मुकाबला जीता।



### विजेता को 2 लाख व उपविजेता को मिले 1 लाख

मैच के उपरांत समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर अवि प्रसाद की मौजूदगी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर प्रीति संजीव सूरी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य डॉ. रजनीश शास्त्री, उद्योगपति मनीष गेई, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, प्रवीण बजाज व आयुक्त सतेन्द्र सिंह धाकरे की उपस्थिति रही। अतिथियों ने लखनऊ को विजेता ट्राफी एवं दो लाख रूपए एवं उपविजेता कानपुर को ट्राफी के साथ 1 लाख का नगद पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन संजय नाकरा व राजेश रोहरा ने किया। नगर निगम आयुक्त ने आभार प्रदर्शन किया।

### गौरव संजीव सूरी ने प्रदान किए व्यक्तिगत पुरस्कार

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्राफी व पुरस्कार युवा नेता गौरव संजीव सूरी के सौजन्य से प्रदान किए गए। गौरव सूरी ने दोनों फाइनलिस्ट टीम के खिलाड़ियों, टूर्नामेंट में सहयोग करने वाले डीसीए के प्रतिनिधियों को ट्रेक सूट प्रदान किए। मैन ऑफ द सीरीज कानपुर के सौरभ यादव व मैन ऑफ द मैच सावन कुमार सिंह को 11 हजार रूपए नगद, बेस्ट बालर कानपुर के नीशम अब्बास व बेस्ट बैट्समैन कानपुर के शिवम कुमार को पांच-पांच हजार के नगद अवार्ड से नवाजा गया। टीमों और खिलाड़ियों को महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा डेढ़ लाख रूपए के व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए गए।

### फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड का कायाकल्प होने जा रहा : कलेक्टर

कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड का जल्द ही कायाकल्प होने जा रहा है। यहां एक सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को खिलाड़ियों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि कटनी में खेल गतिविधियों का लंबा इतिहास रहा है। समय-समय पर टूर्नामेंटों का आयोजन होता रहता है, जिसमे युवाओं को खेल की बारीकियां सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कटनी की टीमें और खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करें, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे।

### सभी के सहयोग से सफल टूर्नामेंट का आयोजन : महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सभी के सहयोग से कराया गया। जिसमे कटनी के साथ ही देश के कई शहरों से टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मैच में एक टीम जीतती तो दूसरी हारती है। हारने वाले टीम के खिलाड़ियों को हतोत्साहित होने की बजाए अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जिला क्रिकेट संघ और वरिष्ठ खिलाड़ियों का आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### इंटर स्कूल टूर्नामेंट के आयोजन के प्रयास हों : मनीष

उद्योपगति मनीष गेईं ने कहा कि पिछले करीब एक महीने से लगातार खेल गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए यह सराहनीय पहल है। जिले में इंटर स्कूल टूर्नामेंट के आयोजन के भी प्रयास होने चाहिए। जिससे स्कूल स्तर से ही प्रतिभाएं सामने आएंगी और आने वाले समय में वे कटनी और मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की तैयारियां तेज

## कटनी में करीब 5 घंटे रहेंगे युग कवि डॉ. कुमार विश्वास, आयोजन स्थल पर बनाए जा रहे 4 प्रवेश द्वार



### स्व. ओमप्रकाश सरावगी और स्व. शकुंतला सरावगी की पुण्य स्मृति में आयोजन

**कटनी, यशभारत।** रंगों के महापर्व होली के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कवि सम्मेलन में काव्य जगत के सिरमौर युग कवि डॉ. कुमार विश्वास भी आ रहे हैं। 9 मार्च को शाम 7 बजे से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में आयोजित कवि सम्मेलन में डॉ. कुमार विश्वास के साथ ही काव्य जगत की कई दिग्गज हस्तियां कटनी पहुंच रही हैं। आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को सिविल लाइन रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारवाार्ता को संबोधित करते हुए देश के प्रख्यात कवि मनोहर मनोज ने बताया कि एक शाम शहीदों के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन स्व. ओमप्रकाश सरावगी और स्व. शकुंतला सरावगी की पुण्य स्मृति में ओमप्रकाश सरावगी निःशुल्क विद्यालय, कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन एवं मुक्तिधाम विकास समिति के सौजन्य से हो रहा है। श्री मनोज ने बताया कि कवि सम्मेलन 9 मार्च को शाम 7 बजे शुरू हो जाएगा। लगभग 5 घंटे कुमार विश्वास कटनी में रहेंगे। टेंट लाइट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सरावगी ने बताया कि कवि सम्मेलन में डॉ कुमार विश्वास के साथ ही सुमन दुबे, कार्यक्रम संयोजक मनोहर मनोज तिवारी, शंभू शिखर, सुदीप भोला, चेतन चर्चित अपनी कविताओं की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बैठक का आयोजन करते हुए टीम गठित कर सभी सदस्यों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। कवि सम्मेलन श्रोताओं के लिए निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है। फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में बैठक व्यवस्था इस तरह बनाई जा रही है कि श्रोता सबसे आगे जाकर कवि सम्मेलन का लुत्फ उठा सकेंगे। बाहर वाले मैदान के साथ ही मुड़वारा स्टेशन एवं अंजूमन स्कूल में पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर लोगों के बैठने के लिए 4 हजार कुर्सियों की व्यवस्था की जा रही है। कटनी के साथ ही कई शहरों से प्रतिष्ठित कवियों के आने की खबर है। पत्रकारवार्ता का संचालन आयोजन समिति के सदस्य पत्रकार आशीष सोनी ने किया।



# नागालैंड के दर्शनीय स्थलों की डाक्यूमेंट्री फिल्म देखी छात्राओं ने

**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में ईबीएसबी क्लब के अंतर्गत प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईबीएसबी क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने पेयर्ड स्टेट मणिपुर एवं नागालैंड के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को मणिपुर एवं नागालैंड के दार्शनिक स्थलों एवं वहां के कला संस्कृति पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई जिससे छात्राओं को वहां के विभिन्न दार्शनिक स्थलों की स्थिति एवं उनके महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त हुई और साथ ही साथ कला एवं संस्कृति एवं वेशभूषा की भी जानकारी मिली। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया एवं छात्राओं ने वहां के दार्शनिक स्थलों पर अपने विचार प्रस्तुत किए एवं कुछ छात्राओं ने वहां की कला संस्कृति पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भीम बर्मन, श्रीमती नम्रता निगम, सुश्री आरती वर्मा, श्रीमती स्मृति दहायत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### डेढ़ वर्ष से अतिरिक्त प्रभार में चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र

**कटनी, यशभारत।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अंतर्गत आने वाले ग्राम दशरमन में डेढ़ वर्ष से अधिक का समय बीतने के बाद भी आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन अतिरिक्त प्रभार के द्वारा किया जा रहा है। दो केंद्रों की जिम्मेदारी के कारण कार्यकर्ता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड नंबर 18 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में पूर्व में ममता नामदेव पदस्थ थी। पर्यवेक्षक मीना तिवारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति के संबंध में दावा आपत्ति लगे होने के कारण नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई। आरती यादव परियोजना अधिकारी ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया जिला चयन समिति के संज्ञान में हैं, जल्द ही व्यवस्था बनाई जाएगी।

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति
एक हॉल 22 बाय 50
कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है
संपर्क-8109417340








# त्योहारों पर शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : पुलिस आयुक्त देउस्कर

## पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजन व सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

■ भोपाल, यशभारत।

होली, रंगपंचमी और शबे बरात सहित अन्य आगामी त्योहारों को लेकर भोपाल पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस आयुघ्क्त कार्यालय के सभागार में आयोजन व सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें आगामी त्योहारों पर की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त देउस्कर ने कहा कि पुलिस के द्वारा त्योहारों के दौरान विभिन्न चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसी भी असामाजिक तत्व, शांति भंग करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। नगर निगम प्रशासन के अपर आयुक्त एनपी सिंह ने त्योहारों के दौरान पर्याप्त पानी, साफ सफाई, निगम के द्वारा की जाने वाली अन्य व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से किया जाएगा। मुस्लिम त्योहार कमेटी के डा औशाफ शाहमीरी खुर्रम ने त्योहारों के समय बिजली कटौती नहीं करने की बात रखी। वहीं समाजसेवी प्रमोद नेमा ने सभी विभागों द्वारा त्योहारों पर की जाने वाली पारंपरिक व्यवस्थाएं करने एवं शांति समिति की बैठक बुलाने की बात कही। साथ ही पुलिस ड्यूटी त्योहारों के समय शहर के चौक-चौराहों पर लगाने की मांग रखी। इसके अलावा दो पहिया वाहन पर स्टंट करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी। मुस्लिम समाज के लोगों ने सभी कब्रिस्तानों के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की बात की। बैठक में शामिल अन्य लोगों ने सहमति बनाई कि शहर में त्योहारों में



शांति बनाकर प्रेमभाव से त्योहार मनाएंगे। होली के दौरान किसी पर भी जबरन रंग व गुलाल नहीं डालने, आपस में लड़ाई-झगड़ने नहीं करने का संदेश लोगों तक पहुंचाने पर सहमति बनी। इस मौके पर डीसीपी रियाज इकबाल, विजय खत्री सहित सभी एडीसीपी, एसीपी थाना प्रभारी, नगर निगम, बिजली कंपनी, जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों अधिकारी मौजूद रहे।

## होलिका दहन के लिए कल से भोपाल शहर के 38 स्थानों पर मिलेगा गोकाष्ठ


**भोपाल यशभारत।** हमारे शहर का पर्यावरण स्वच्छ, प्रदूषण रहित रहने के साथ ही लकड़ियों के लिए पेड़ों से काटने के लिए बचाने के लिए लोगों की जागरुकता बढ़ी है। इसी को देखते हुए गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति ने आगामी पर्व होलिका दहन सात मार्च के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी हैं। अब शहर के कुल 38 स्थानों पर गोकाष्ठ 10 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से खरीदने के लिए मिलेगी। पहले 35 स्थान तय किए गए थे। गोकाष्ठ परिवार के समंवयक मम्तेश शर्मा ने बताया कि होलिका दहन छह और सात मार्च को गोकाष्ठ 10 रुपये प्रतिकिलो की दर से प्राप्त कर सकते हैं। समिति के प्रमुख सलाहकार डा योगेंद्र सक्सेना बताया कि यह गोकाष्ठ 20, 25 एवं 30 किलो के कपड़े के बैग में उपलब्ध रहेगी।



शहर की 18 गोशालाओं से क्रय की गई हैं। इस गोकाष्ठ को शहरवासियों को उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए विक्रय केंद्र तक पहुंचने के बाद इसकी कीमत लगभग 15 रुपये प्रतिकिलो आ रही है। जिसे 10 रुपये प्रतिकिलो की दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। कालिका मंदिर भदभदा रोड, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर शिवाजी नगर, भोजपुर क्लब, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा के सामने, शुभम नर्सरी बावडिया, राम मंदिर हमीदिया रोड, ओल्ड भास्कर कोतवाली रोड, मानस भवन श्यामला हिल्स, मिलन स्वीट्स बरखे ?ा, शुभम नर्सरी नर्मदापुरम रोड, मानस उद्यान गुफा मंदिर, गिरधर स्टोर गोमती कालोनी नेहरू नगर, करोंद, मंदाकिनी मैदान कोलार, शिव मंदिर मेहता मार्केट सुभाष नगर, रेलवे स्टेशन मंडीदीप, बस स्टैंड बैरसिया, गंगेश्वर शिव मंदिर एम्स के पीछे साकेत नगर, महात्मा गांधी चौराहा भेल, अफसरा टाकीज, पिपलानी पेट्रोल पंप, अशोका गार्डन 80 फिट रोड, मंगलवारा थाने के पास, बिजली मैदान मिनाल रेसीडेंसी जेके रोड, शुभम नर्सरी पटेल नगर, दीप इलेक्ट्रिकल गौतम नगर, फायर ब्रिगेड आफिस के पास संत हिरदाराम नगर, नगर निगम कार्यालय के पास गांधी नगर, एनएम मार्बल क्लास रूम के सामने लालघाटी, 10नंबर मार्केट, गोविंदपुरा थाने के सामने, भानपुर शापिंग माल सामने, प्रेस काम्प्लेक्स एमपी नगर जोन-एक। इसके अलावा गोकाष्ठ समिति द्वारा घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध की गई है। जिसमे यातायात व्यय अलग से देना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बीड़ी सुलगाने से भड़की आग से झुलसे मजदूर ने दम तोड़ा



■ भोपाल, यशभारत।

अयोध्या नगर थाना इलाके में किसी रसायन से टाइल्स की सफाई करने के दौरान बीड़ी सुलगाते समय भड़की आग से तीन मजदूर झुलस गए थे। उनमें से एक ने शनिवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसके एक साथी की हालत भी गंभीर बनी हुई है।अयोध्या नगर थाना पुलिस के मुताबिक अयोध्या नगर फेस-दो में रहने वाला 22 वर्षीय प्रांजल पुत्र मेघराज यादव टाइल्स लगाने का काम करता था। 28 फरवरी को दोपहर में वह एक निर्माणाधीन मकान की बाथरूम में लगी टाइल्स की सफाई किसी रसायन से कर रहा था। उसके साथ दो अन्य मजदूर भी मौजूद थे। इस दौरान उनमें से एक ने तलब लगने पर बीड़ी सुलगाई। रसायन अत्यंत ज्वलनशील होने से अचानक भड़की आग में तीनों झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए एम्स ले जाया गया। मामूली जले एक युवक को उसी दिन छुट्टी मिल गई थी, जबकि प्रांजल और उसके साथी को भर्ती कर लिया गया था। शनिवार शाम को प्रांजल की मौत हो गई। उसका साथी अभी अस्पताल में भर्ती है।

### आग से झुलसी महिला की मौत

■ भोपाल, यशभारत।

गौतम नगर थाना इलाके में पिछले दिनों खाना बनाते समय गैस चूल्हे से भड़की आग से एक महिला झुलस गई थी। मां को आग से बचाने के दौरान उनका बेटा भी जल गया था। महिला ने इलाज के दौरान शुक्रवार रात दम तोड़ दिया। गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक 45 वर्षीय कल्पना पंथी जेपी नगर में परिवार के साथ रहती थीं। 27 फरवरी को खाना बनाते समय भड़की आग से कल्पना जलने लगी थी। घर में मौजूद बेटा वैभव ने किसी तरह मां को आग से बचाया। इस प्रयास में वह भी बुरी तरह जल गया था। मां-बेटे को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को मां की मौत हो गई। बेटे की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

### बड़ी बहन के रिश्तेदार ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म



■ भोपाल, यशभारत।

बागसेवनिया थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसकी बहन के रिश्तेदार के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। वह दो साल से शादी करने का भरोसा देकर युवती का शारीरिक शोषण कर रहा था। बाद में उसने शादी करने से साफ मना कर दिया। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। बागसेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय युवती इलाके में किराए के मकान में रहती है। वह एक निजी फर्म में नौकरी करती है। बड़ी बहन की शादी के बाद युवती का परिचय बहन के ससुराल पक्ष के रिश्तेदार पुष्प कुमार नाम के युवक से हो गया था। वह उनके घर भी आता-जाता था। इस वजह से उनमें बातचीत होती रहती थी। धीरे-धीरे उनके बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। पूर्व में दोनों बैतूल में रहते थे।

## 5वीं व 8वीं की बोर्ड परीक्षा में 20 दिन का समय शेष

**अब तक परीक्षा केंद्र तय नहीं हुए**

■ भोपाल, यशभारत।



प्रदेश के 5वीं व 8वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा बोर्ड की तर्ज पर ली जाएगी।ये वार्षिक परीक्षाएं 25 मार्च से शुरू होगी। ऐसे में 20 दिन का समय शेष है, लेकिन अब तक परीक्षा केंद्र चिन्हित नहीं किए गए है।इस बार एक जनशिक्षा केंद्र पर तीन परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इस कारण इस बार आठ से दस किमी की दूरी पर परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे।इससे 5वीं के विद्यार्थी दूर केंद्र बनने से परेशान होंगे।राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। छह मार्च से विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र में त्रुटियों को सुधार कर वितरण करना है, लेकिन अब तक केंद्रों का निर्धारण नहीं हो पाया है। जारी निर्देश में 28 फरवरी तक परीक्षा केंद्रों का चयन कर लिया जाना था और छह मार्च से बच्चों को प्रवेश पत्र जारी होने थे।यहां तक बच्चों की सही से मैपिंग भी नहीं हो पाई है।इस कारण वे परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। बता दें, कि इस बार बोर्ड परीक्षा में प्रदेश भर से सरकारी व निजी स्कूलों का मिलाकर करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।इसके लिए करीब 12 हजार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### स्कूलों की मैपिंग का आज अंतिम दिन

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) द्वारा चिन्हित परीक्षा केंद्र, परीक्षा केंद्राध्यक्ष और परीक्षा केंद्रवार विभिन्न स्कूलों की मैपिंग का अंतिम अनुमोदन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा रविवार तक किया जाना है, लेकिन अभी तक परीक्षा केंद्रों को चिन्हित नहीं किया गया है।

### बच्चों को 15 मार्च तक प्रवेश पत्र वितरण करना है

स्कूलों के प्रभारी को छह से दस मार्च तक प्रवेश पत्रों में दिए गए विवरण का मिलान कर त्रुटियों को सुधार करना है।15 मार्च तक बच्चों को प्रवेश पत्रों का वितरण करना है। प्रदेश के 5वीं व 8वीं के करीब 20 हजार बच्चों की समग्र आईडी नहीं है।ऐसे में राज्य शिक्षा केंद्र इन बच्चों को भी परीक्षा में शामिल करने की तैयारी में है।

## होली पर भोपाल, रानी कमलापति व संत हिरदाराम नगर स्टेशन से छह विशेष ट्रेन

■ भोपाल, ईएमएस।

होली पर अपने गृहनगर जाने के इच्छुक यात्रियों की सहूलियत के लिए भोपाल, रानी कमलापति व संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन से छह विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इनमें से कुछ ट्रेनें शुरू हो चुकी है तो कुछ आने वाली अलग-अलग तारीखों में चलेंगी। इनके चलने से यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे ने यह निर्णय रोजाना चलने वाली ट्रेनों में नो रूम व वेटिंग की स्थिति को देखते हुए लिया है। भोपाल रेल मंडल के अलावा भी दूसरे मंडलों ने विशेष ट्रेनें चलाई हैं, जो भोपाल मंडल के भोपाल, इटारसी, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर व बीना स्टेशन से होकर गुजर रही हैं।



यात्रियों को सलाह दी गई है कि इन ट्रेनों में सफर करने के लिए नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस), रेल सुविधा नंबर 139 अथवा रेलवे के पूछताछ काउंटरों पर जाकर जानकारी ले लें। टिकट बुक कराते समय भी इन ट्रेनों को अलग-अलग तारीखों में खोजना होगा, क्योंकि रेलवे ने इन्हें चुनींदा तारीखों में ही चलाने का निर्णय लिया है। **ये विशेष ट्रेनें चलाई जा रहीं** - ट्रेन 02179 रानी कमलापति-रीवा सुपरफास्ट होली विशेष ट्रेन रविवार को रानी कमलापति स्टेशन से रात 9.15 बजे विदिशा के रास्ते रात 12.20 बजे बीना पहुंचेगी। यहां से सतना होते हुए अगले दिन सुबह 7.20 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।- ट्रेन 02190 रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट होली विशेष ट्रेन सोमवार को रीवा स्टेशन से शाम 6.50 बजे चलकर कटनी मुड़वारा होते हुए रात 1.55 बजे बीना और सुबह 4.30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। - ट्रेन 09343 डा. आंबेडकर नगर-पटना होली विशेष ट्रेन 10 व 17 मार्च को डा. आंबेडकर नगर स्टेशन से तड़के 5.05 बजे चलकर सुबह 8.28 बजे संत हिरदाराम नगर से होकर सागर, दमोह, कटनी मु?वारा, सतना स्टेशन होते हुए अगले दिन तड़के चार पटना स्टेशन पहुंचेगी। - ट्रेन 09344 पटना- डा. आंबेडकर नगर होली विशेष ट्रेन 11 व 18 मार्च को पटना स्टेशन से सुबह 7.20 बजे चलकर सतना, कटनी मु?वारा, दमोह, सागर स्टेशन होते हुए रात 1.53 बजे संत हिरदाराम नगर और तड़के 6.15 बजे डा. आंबेडकर नगर स्टेशन पहुंचेगी।

## टोल नाके पर खड़े ट्रक में घुसी बाइक, एक की मौत, दो गंभीर

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के मिसरोद थाना इलाके में 11 मील बायपास स्थित टोल नाका के पास एक तेज रफ्तार बाइक सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुए इस हादसे में बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में पीछे बैठे दो युवक भी घायल हो गए, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिसरोद थाना पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय उमेश गौर बिलखिरिया थाना क्षेत्र के अमझरा गांव में रहता था। शुक्रवार को वह अपने भाई निखिल गौर व ममेरे भाई महेश के साथ किसी काम से मंडीदीप गया था। वहां से रात के समय तीनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। रात लगभग पौने तीन बजे वे लोग 11 मील बायपास स्थित टोल नाका के पास पहुंचे थे। वहां चालक ट्रक को सड़क पर खड़ा कर पर्ची कटाने नाका पर गया था। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी।



सिर में गंभीर चोट लगने से उमेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निखिल और महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है।

करंट लगने से किसान की मौत

उधर, खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में खेत में पानी देने के लिए मोटर चालू करते समय करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। खजूरी सड़क थाना पुलिस के मुताबिक 55 वर्षीय विनोद पुत्र प्रभुलाल भिलाला ग्राम भौंरी में रहता था।

## दस सेकंड में शादी समारोह के स्टेज से बैग उड़ाया, रखे थे 60 हजार रुपये

भोपाल यशभारत। शादी समारोह के स्टेज से नकदी, उपहारों से भरे बैग चोरी होने की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी क्रम में कोहेफिजा थाना इलाके के एक मैरिज गार्डन में समारोह के दौरान स्टेज पर कुर्सी पर रखा बैग महज 10 सेकंड में चोरी कर लिया गया। घटना के बाद वहां लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक किए गए। उसमें लगभग 16 वर्ष का एक किशोर लेकर जाता हुआ दिख रहा है। पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपित की तलाश कर रही है। इस तरह की चोरी की चार माह में आधा दर्जन से अधिक वारदातें हो चुकी हैं। उनमें करीब छह लाख रुपये का माल चोरी जा चुका है, लेकिन किसी भी मामले में आरोपित नहीं मिले हैं। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक नारियलखेड़ा निवासी अमित लीखार कालेज छात्र है। एक मार्च को अमित के बड़े भाई की शादी का समारोह हलालपुर बस स?टैंड के पास स्थित मूनलाइट मैरिज गार्डन में आयोजित था। रात करीब नौ बजे परिवार के लोग स्टेज पर वर-वधु के साथ फोटो खिंचवा रहे थे।

**राजस्व वसूली शिविरों का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण**

## नगर निगम की सख्ती, बकायादारों की संपत्ति होगी कुर्क, नल कनेक्शन किए जाएंगे विच्छेद

■ भोपाल, यशभारत।

शहर में अब करों की वसूली के लिए नगर निगम द्वारा सख्त कदम उठाए जाएंगे। बकायादारों की संपत्तियां कुर्क की जाएगी और नल कनेक्शन विच्छेद किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने शनिवार को कर वसूली के लिए लगाए जा रहे शिविरों का निरीक्षण किया और करदाताओं को करों की अदायगी के लिए समझाइश दी।



उन्होंने यह भी कहा कि शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने व बकायादारों की संपत्तियां कुर्क करने व नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त चंद्रप्रताप गोहल, जोन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।शहर के विभिन्न क्षेत्रों एवं राजस्व वसूली व बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान निगमायुक्त ने करदाताओं के आपत्तियों के निराकरण व करदाताओं को करों की अदायगी सुविधा पूर्ण ढंग से कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही नल कनेक्शन विच्छेद आदि की कार्रवाई भी अपने समक्ष कराई। निगमायुक्त ने वार्ड क्रमांक 17 के तहत नए कबाड़खाने की दुकानों में ताला लगाने और नवबहार सब्जी मंडी के किराया जमा न करने वाले कारोबारियों के आवंटन निरस्त करने के निर्देश भी संबंधित जोन अधिकारी को दिए हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 30, 31, 12, 19, 20, 58, 64 एवं 65 सहित अन्य क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए गए। निगमायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों की गली-मोहल्लों एवं घर-घर जाकर करदाताओं से चर्चा की एवं चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार सहित अन्य करों/शुल्कों की अदायगी करने की समझाइश दी। निगम आयुक्त ने यह भी समझाइश करदाताओं को दी कि 31 मार्च 2023 के बाद कर जमा करने पर स्वयं के उपयोग की संपत्तियों पर 50 प्रतिशत की छूट भी नहीं मिल पाएगी।

**नौ दिन तक दिल्ली में डेरा डाला**

## प्रतिष्ठित कंपनी से मिलती जुलती वेबसाइट बना कर ठगी करने वाली दिल्ली की गैंग का पदार्फाश

■ भोपाल, यशभारत।

क्राइम ब्रांच ने ई-कामर्स कंपनियों की मिलती जुलती नाम वाली वेबसाइट बनाकर सस्ते दाम में लैपटाप, मोबाइल बेचने का लालच देकर ठगी करने वाले दिल्ली की जालसाज गैंग का पदार्फाश किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने अब तक पांच लाख रुपए की ठगी करना कबूल किया है। पुलिस ने नौ आरोपितों से नौ मोबाइल फोन, टेलीफोन बाक्स 22, 19 सिम कार्ड जब्त किए हैं। डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित कुमार ने बताया कि कमलानगर, कोटरा सुल्तानाबाद रोड की रहने वाली महिला ने साइबर क्राइम में तीन दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि अपनी बेटी के लिए लैपटाप



लेने के लिए उन्होंने गूगल पर सर्च कर रजिस्ट्रेशन किया था। इसके बाद उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह बिगबाजार प्रो डाट काम से बोल रहा है। उसने सस्ते दाम में लैपटाप दिलाने के नाम पर 599 रुपए का रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद आइडी एक्टिवेट, नामिनी का आइडी एक्टिवेट समेत अन्य फीस बताकर 10 दिन के अंदर चार लाख 81 हजार 597 रुपए जमा करा लिए। इसके बाद फोन बंद कर लिया। धोखाखड़ी का पता चलने पर वह शिकायत लेकर पहुंची। पुलिस ने महिला की तरफ से उपलब्ध कराए गए बैंक डिटेल और फोन नंबर के आधार पर जांच शुरु की। तकनीकी एनालिसिस, बैंक डिटेल और फोन नंबर की मदद से आरोपितों की लोकेशन दिल्ली की मिली।

दिल्ली में नौ दिन तक रैकी करने के बाद पुलिस टीम ने गोविंदपुरी स्थित एक काल सेंटर पर छापा मारा। पुलिस ने वहां से सम्राट बुदक, प्रोवीर वैध्य, अजय शिकारी, सुनील दास, पंकज, आसिफ खान, नितेश पाल, राहुल हलधर, रोहित कुमार को गिरफ्तार किया। इनमें तुगलकाबाद एक्सटेंशन के रहने वाला 25 वर्षीय नितेश पाल और 23 वर्षीय आसिफ खान मुख्य आरोपित हैं।

## कांग्रेस फिर किसानों पर लगाएगी दांव उपज का मूल्य दिलाने का देगी वचन

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश कांग्रेस नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में एक बार फिर किसानों पर दांव लगाएगी। उपज का उचित मूल्य दिलाने के उपायों को वचन पत्र में शामिल किया जाएगा। इसमें गेहूं, धान सहित अन्य उपज शामिल होंगे। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने किसान ऋण माफी योजना का वचन दिया था। इसे समर्थन भी मिला और वर्ष 2018 में 15 साल बाद प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी हुई थी। किसानों को तीन हजार रुपये गेहूं का मूल्य दिलाने के लिए विधानसभा के बजट सत्र के बाद जिलों में आंदोलन की तैयारी की भी जा रही है। नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी सभी वर्गों को साधने पर काम कर रही है। पार्टी का जो वचन पत्र तैयार हो रहा है, उसमें सभी वर्गों से जुड़ी घोषणाएं होंगी। अभी तक ऋण माफी योजना का लाभ पाने से वंचित किसानों के लिए योजना को लागू करने, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रति माह आर्थिक सहायता देने की घोषणा की जा चुकी है। वचन पत्र में किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने का भी प्रविधान रखा जाएगा। इसके लिए ऐसी योजना लागू की जाएगी, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष घोषित होने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक राशि प्राप्त हो। पार्टी ने हाल ही में विधानसभा में तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदने की मांग की। इस दौरान विभिन्न किसान संगठनों से भी किसानों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली गई है ताकि उसके समाधान की कार्ययोजना वचन पत्र में प्रस्तुत की जा सके। उधर, कृषि मंत्री कमल पटेल ने कांग्रेस के वचन पत्र में किसानों के लिए प्रस्तावित किए जा रहे प्रविधानों पर कहा कि प्रदेश की जनता अब गुमराह होने वाली नहीं है। कांग्रेस यदि किसानों की इतनी ही हितैषी थी तो सभी किसानों की ऋण माफी क्यों नहीं की।

# होलिका दहन में लकड़ी की जगह कंडों का करें उपयोग

## पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** आगामी होलिका दहन, धुरेड़ी, परीवा, रंगपंचमी, चौत्र नवरात्र, शबे बारात, जवारा बैठकी रामनवमी, जवारा विसर्जन रामवनवमी जुलूस त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शनिवार को कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने जिले में शांति, आपसी सौहार्द, सदभाव एवं एकता की गौरवशाली परंपरा को दृष्टिगत रखते हुए इसी के अनुरूप आगामी त्यौहार मनाये जाने का आग्रह किया। उन्होंने समितियों से होलिका दहन के दौरान लकड़ी की अपेक्षा गोबर के कंडों का उपयोग करने व सडक के ऊपर मिट्टी बिछाकर ही होलिका दहन करने की बात कही। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शांति समिति की बैठक में अधिक संख्या मे सदस्यों की उपस्थिति पर हर्ष भी व्यक्त किया जाकर आगे भी इस तरह प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की।



बैठक के दौरान होलिका दहन 7 बजे से 11:30 बजे तक संपन्न कराने तथा होलिका मिलन, धुरेडी एवं भाई दूज का त्योहार शांतिपूर्वक तरीक से मनाये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए 7 मार्च की शाम से 9 मार्च तक दिन के समय भारी वाहनों का प्रवेश शहर के भीतर प्रतिबंध रहेगा। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये भारी वाहनों के आवागमन हेतु थोड़ी छूट दिये जानें हेतु थाना प्रभारी यातायात कटनी को निर्देशित किया गया। जिले मे शराब का विक्रय दिनांक 7 मार्च को रात्रि 11:00 बजे से प्रतिबंधित रहेगा व शहर की चारों सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने आबकारी एवं पुलिस अधीक्षक जांच टीम तैयार कर सघन जांच की कार्यवाही करें। जिले में हाई स्कूल और हाई सकेण्डरी स्कूलों एवं अन्य महाविद्यालयों की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुये डी.जे. स्कूलों तथा अस्पतालों के आस पास पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत जिला कलेक्टर कटनी के आदेशानुसार संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी (रा.) जिला कटनी से ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति लेना अनिवार्य होगी। 8 मार्च को प्रातः 8 बजे से दोपहर दो बजे तक की छूट प्रदान की जाकर इसके उपरांत नियम का उल्लंधन करने पर कडी कार्यवाही करने हेतु नगर पुलिस अधीक्षक कटनी व अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी को निर्देशित किया गया। बैठक में होली त्यौहार के अवसर पर हरे भरे वृक्ष को न काटनें हेतु तथा लकडी की जगह कंडे का प्रयोग करनें की बात कही गई। होली पर्व पर शहर में निर्वाध विद्युत की व्यवस्था हेतु अधीक्षण यंत्री म.प्र. विद्युत मण्डल कटनी अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करनें के साथ ही होलिका दहन में इस बात का विषेश ध्यान रखने की बिजली के तारो, ट्रांसफर्मरों के आसपास होलिका दहन न होतु अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री म. प्र. विद्युत मंडल कटनी को निर्देशित किया गया। होली पर्व में रंग गुलाल का ही उपयोग किया जावें। हानिकारक पेन्ट, ओईल पेन्ट, कीचड, गोवर इत्यादि का उपयोग न किया जावें इस हेतु कार्यवाही के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी (रा.) सर्वध् एस. डी. ओ. पी. पुलिस सर्व द्वारा को निर्देशित किया गया। होली पर्व के पूर्व शहर में पर्याप्त साफ-सफाई, अवश्यकता अनुसार पानी की आपूर्ति, होली पर्व के पूर्व रंग गुलाल कि दुकानों को व्यवस्थिता लगाने सार्वजनिक स्थानों पर होलीका दहन समितियों को भी आस पास सफाई बनाये रखने हेतु की कार्यवाही हेतु आयुक्त न.पा. नि. कटनी एवं यातायात निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

### पुलिस चप्पे-चप्पे रखेगी नजर

होली पर्व के पूर्व प्रत्येक थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की व्यवस्था करेगें। साथ ही संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती की जावे। तथा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 24 घण्टे एक डाक्टरों मय स्टाफ कर्मचारी तथा दवाईयों की किट सहित एम्बूलेंस के साथ व्यवस्था की जावें, एवं आयुक्त न.पा.नि. कटनी उक्त दिनांकों को 24 घण्टे दमकल गाडियों की व्यवस्था सुनिश्चित करनें के निर्देश आयुक्त न.पा. नि. कटनी, जिला चिकित्सा अधिकारी एवं यातायात निरीक्षक को निर्देश प्रदान किये गए। बैठक के दौरान जवारा स्थापना जवारा चल समारोह, जवारा विसर्जन के दौरान मंदिरों के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था साफ-सफाई, प्रेयजल व्यवस्था, आवश्यकता अनुसार सडक की मरम्मत पुलिस व्यवस्था, जुलूस के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध घाटों पर अस्थाई कुंड, तैराक एवं होमगार्ड की व्यवस्था पर चर्चा की जाकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, एस.डी.एम प्रिया चंद्रावत, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हरी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष विक्रम खंपरिया, कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, करण सिंह चौहान, मिठ्ठूलाल जैन, राजा जगवानी, अरूण कनौजिया, जागीर सिंह भट्टी, मोहम्मद शकील, रौनक खंडेलवाल, मनीष दुबे, राकेश जैन कक्का, लोकनाथ गौतम, अरविंद गुप्ता, अमित शुक्ला, रेखा अंजू तिवारी, मंजू निषाद, सुरेश रोचलानी, अजय सरावगी, सत्य नारायण अग्रहरी सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# पनीर, खोवा और मिठाइयों के लिए सैंपल

### मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही जारी



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले की खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने शनिवार को खाद्य पदार्थों के विक्रय प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच की गई। होली सहित अन्य त्यौहारों एवं आमजन के स्वास्थ्य को देखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए, विभिन्न डेयरी एवं दूध विक्रेताओं के यहाँ औचक निरीक्षण कर मिक्सड दूध, पनीर, भैंस का दूध, पेड़ा तथा छेना की मिठाई का नमूना लिया जाकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल जांच हेतु भेजे गये। जांच परिणाम प्राप्त होने के पश्चात् खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार कार्यवाही की जावेगी। खाद्य प्रतिष्ठानों श्री जी दूध डेयरी, नायक दूध डेयरी खिरहनी फाटक के पास, आशु डेयरी माधवनगर, उ साई स्वीट्स एण्ड बेकरी बस स्टैण्ड कटनी के पास से नमूने की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती देवकी सोनवानी, ओमप्रकाश साहू एवं ब्रजेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## रेडक्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# 12 वर्षीय युवा सदस्य मीनाक्षी को मिला स्थान, विजयराघवगढ़ में शुरू होगी उपशाखा



**कटनी,यशभारत।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा कटनी की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित नवीन सभागार में संस्था अध्यक्ष एवं कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। बैठक दौरान सबसे खास बात यह रही कि मंच पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने देश की सबसे युवा रेडक्रॉस सदस्य मीनाक्षी क्षत्रिय को स्थान दिया। इनके अतिरिक्त मंच पर संस्था अध्यक्ष कलेक्टर अवि प्रसाद, संस्था सभापति सुशील शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष लालजी शर्मा और जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत की मौजूदगी रही। युवा सदस्य 12 वर्षीय मीनाक्षी के परिचय के साथ बैठक का विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके बाद संस्था से नए जुड़े सदस्यों ने अपना परिचय दिया। जिनका पुराने सदस्यों द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया, तदुपरांत पुराने सदस्यों ने अपना परिचय दिया। संस्था अध्यक्ष एवं कलेक्टर अवि प्रसाद और सचिव डॉ यशवंत वर्मा द्वारा निक्षय मित्र पर प्रकाश डाला गया तथा इस संबंध में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान माह में संस्था द्वारा 285 क्षय रोगियों को संस्था द्वारा खाद्यान्न किट प्रदान की जा रही है। साथ ही संस्था द्वारा संचालित अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत एजेंडे के अन्य बिंदुओं के तहत विजयराघवगढ़, कैमोर और बरही के नए सदस्यों को जोड़कर रेडक्रॉस कटनी की एक उपशाखा विजयराघवगढ़ में शुरू करने के संबंध में सहमति ली गई तथा इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अविप्रसाद के प्रयासों से रेडक्रॉस संस्था अब शहर के दायरे से बाहर निकल कर गांव तक जा पहुंची है। जिसमें नगर परिषद कैमोर अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा, नगर परिषद विजयराघवगढ़ अध्यक्ष वसुधा मनीष मिश्रा, बरही बीएमओ डॉ विनोद कुमार और डॉ दीपक अग्रवाल की उल्लेखनीय भूमिका रही। इसके अतिरिक्त संस्था अध्यक्ष कलेक्टर अवि प्रसाद की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। जिनमें मुख्य रूप से रेडक्रॉस समिति द्वारा शव वाहन संचालित करने किए जा रहे प्रयासों के बारे में संस्था अध्यक्ष व कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

### महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सहयोगियों का किया गया सम्मान

रेडक्रॉस सोसायटी की निक्षय योजना में महत्वपूर्ण योगदान देने पर सदस्य प्रवीण बजाज, पवन मित्तल, डॉ हरीश बजाज, पवन बजाज, ब्रज किशोर भार्गव, अरविंद गुगालिया, शशांक श्रीवास्तव, पवन मित्तल, डॉ विनोद, डॉ दीपक, डॉ शैलेंद्र दीवान एवं मीनाक्षी क्षत्रिय को सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन डॉ यशवंत वर्मा ने किया। पहली बार सामान्य सभा की बैठक में बड़ी संख्या में सदस्यों की मौजूदगी रही।

# हितग्राहियों की ई-केवाईसी हेतु स्थान चिन्हित



**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की तैयारियों को लेकर नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे द्वारा समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को योजना के कुशल क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने हितग्राहियों की सुविधा को देखते हुए ई केवाईसी के लिए नगर निगम कार्यालय में स्थित सामग्र आईडी के दोनों काउंटर सहित महापौर हेल्पलाइन काउंटर में प्रथक से व्यवस्था करने एवं माधवनगर जोन कार्यालय ऑडिटोरियम बस स्टैंड एवं खिरहनी जोन में ई केवाईसी का कार्य करने की व्यवस्था करने निर्देशित किया है। 5 मार्च रविवार से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में प्रारंभ की जा रही मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का शुभारंभ नगरीय क्षेत्र में शिव वाटिका में वृहद वृक्षारोपण कर शुभारंभ किया जाएगा। आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि योजना का कुशल क्रियान्वयन हो एवम नगरीय सीमा क्षेत्र के अंतर्गत लाडली बहना योजना की जानकारी जन जन तक पहुंचे तथा इस योजना में पात्रता सूची में शामिल होने वाली विवाहित महिलाओं की उम्र 1 जनवरी को 23 वर्ष होनी चाहिए। तथा उनके दस्तावेजों में समग्र आईडी आधार कार्ड बैंक पासबुक ई केवाईसी में अपडेट रहनी चाहिए। जिन हितग्राहियों के दस्तावेज अपडेट नहीं है वो महिलाएं नगर निगम द्वारा प्रारंभ की जा रही ई केवाईसी सुविधा के माध्यम से अपने दस्तावेज संबंधित केंद्रों में पहुंचकर अपडेट करवा सकती हैं इस दौरान उपायुक्त पी के अहिरवार राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक अश्विनी पांडे के पी शर्मा रविशंकर पांडे पवन श्रीवास्तव आदेश जैन नागेंद्र पटेल मोना करेरा आलोक तिवारी संदीप पाठक संजय मिश्रा यश रजक सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



## जनसेवा मित्र प्रशिक्षण का समापन

**कटनी,यशभारत।** प्रदेश शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने और जनता की विकास से जुड़ी समस्याओं को शासन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई अभिनव पहल मुख्यमंत्री यूथ इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत जनसेवा मित्रों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें कटनी ब्लॉक से 12, रीठी ब्लॉक से 11, विगढ़ ब्लॉक से 13, ढीमरखेड़ा ब्लॉक से 14 और बड़वारा व बहोरीबंद ब्लॉक से 15 –15 जनसेवा मित्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का समापन सत्र कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। जिसमें कलेक्टर श्री प्रसाद ने जनसेवा मित्रों से उनके प्रशिक्षण संबंधी अनुभव जाने। साथ ही सभी जनसेवा मित्रों को संबोधित करते हुए पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने कहा। उन्होंने कहा कि जनसेवा मित्र जनता और शासन के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

# निगमाध्यक्ष ने नागरिकों से जल का अपव्यय न करने की अपील

### अबीर-गुलाल के साथ सूखी होली खेलें

**कटनी,यशभारत।** होली का पर्व 8 मार्च दिन बुधवार को मनाया जाना है। बुधवार एवं शनिवार को पानी की सप्लाई नहीं की जाती है,इस संबंध में निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने होली पर्व पर कटनी शहर में पानी की सप्लाई करनें हेतु आयुक्त को पत्र प्रेषित करते हुए लिखा कि,होली पर्व को ध्यान में रखते हुय कटनी शहर में पानी की कटौती न करते हुए निर्धारित समय पर पानी की सप्लाई किया जाना आवष्यक है । उपरोक्तानुसार कटनी शहर के नगरिकों को होली के पावन पर्व पर जल से संबंधित समस्या न हो इस हेतु जल आपूर्ति कराये जाने की व्यवस्था कराये जाने का उल्लेख किया है । निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक नें कटनी शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, होली के त्योहार पर चारों तरफ उल्लास का माहौल रहता है,भाईचारे का प्रतीक इस त्योहार में लोग रंग को पानी के साथ खेलते हैं। होली खेलने के बाद रंग छुड़ाने में भी कई लीटर पानी का अपव्यय कर दिया जाता है। होली-धुलेंडी पर्व पर पर्यावरण संरक्षण और जलसंकट न हो इसलिए कम से कम पानी व्यर्थ बहाएं। सूखी होली और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें, ताकि जल का अपव्यय न हो, पानी प्रकृति का अनमोल तोहफा है, इसे बनाया नहीं जा सकता केवल बारिश पर ही निर्भरता रहती है। शहर के नागरिको को जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर ही होली में पानी के अपव्यय को रोका जा सकता है। अबीर-गुलाल के साथ सूखी होली खेलें एवं जल का अपव्यय कम से कम करें ।



# 20 हितग्राहियों के खाते में भेजे गए 42 लाख



**कटनी,यशभारत।** कटनी शनिवार को द्वारका भवन में आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना तथा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना के तहत नगरीय सीमा के अंतर्गत आने वाले 20 हितग्राहियों के खाते में 42 लाख रुपए की अनुग्रह राशि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। द्वारका भवन में आयोजित कार्यक्रम को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग का ध्यान रखा जा रहा है और हर वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है इसी कड़ी में आज प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा संबल योजना के तहत नगरीय सीमा के 20 हितग्राहियों को 42 लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की गई है उन्होंने कहा कि संबल योजना से आम नागरिकों के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। और सरकार गरीब वर्ग की हितचिंतक बनकर कार्य कर रही है। इस दौरान समाजसेवी दीपक टंडन सोनी जनपद अध्यक्ष गीताबाई उपायुक्त पी के अहिरवार उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया पार्षद शकुंतला सोनी सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



# अधूरी जानकारी देने पर मनरेगा प्रभारी को कलेक्टर ने लगाई फटकार

**कटनी,यशभारत।** कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिला पंचायत और महिला एवम् बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद ने मनरेगा द्वारा किए गए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों के संबंध में पर्याप्त जानकारी न होने पर मनरेगा प्रभारी अधिकारी पर नाराजगी जताई, साथ ही आगामी बैठकों में अपडेट होकर उपस्थित होने के निर्देश दिए। बैठक दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने आंगनबाड़ी निर्माण कार्यों का विस्तृत डेटा एकत्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची तैयार की जाए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के संबंध में जानकारी तैयार कर निर्माण शाखा को उपलब्ध कराने कहा। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पूछा कि कितने आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन निर्माण स्वीकृत है उनमें से कितने में कार्य चल रहा है और कितने भवनों का वर्क ऑर्डर होने के बाद भी अभी कार्य शुरू नहीं हुआ है। वर्तमान में आंगनबाड़ी निर्माण के लिए उपलब्ध आबंटन राशि, मांग और शेष राशि के संबंध में भी कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जानकारी ली गई। पर्याप्त जानकारी के आभाव एवं विस्तृत डेटा उपलब्ध न होने पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने फटकार लगाते हुए संबंधित विभाग के प्रभारी अधिकारी को पूरी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही बैठक में संबंधित उपयंत्री को सम्पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन निर्माण कार्य के लिए मनरेगा की राशि के उपयोग के संबंध में कार्ययोजना बनाने के लिए भी जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया।

# निजी नर्सिंग होम व निजी अस्पताल संचालकों को भेजा पत्र

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर ने शासन द्वारा वैक्सीन प्रीवेटेबल एवं नोटिफियेबल बीमारियों के संभावित लक्षण वाले मरीजों की सूचना तत्काल देने के निर्देश दिए है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन, सभी बी.एम.ओ सहित इंडियन मेडिकल एसोसियेशन कटनी के अध्यक्ष तथा निजी नर्सिंग होम एवं निजी अस्पताल संचालकों को पत्र जारी कर वैक्सीन प्रीवेटेबल बीमारियॉ जैसे पोलियो, खसरा, डिप्थीरिया, परर्टूसिस और नवजात टिटनेस की सूचना तत्काल डॉ जलज खरे और डॉ समीर सिंघई को देने के निर्देश दिए है। शहरी एवं विकासखण्ड स्तर पर बुखार के साथ लाल बारीक दाने के मरीजों की संख्या में दृष्टिगोचर देखने को मिली है। यह बीमारियां अत्यंत संक्रमक होने के कारण इन बीमारियों की रोकथाम व उन्मूलन के लिए भारत शासन द्वारा डव्ल्यू एच.ओ के सहयोग से वैक्सीन प्रीवेटेबल बीमारियां के सर्विलेंस चल रहा है। इन बीमारियों से समुदाय स्तर पर महामारी फैलने की संभावना सदैव बनी रहती है। सिविल सर्जन, सभी बी.एम.ओ सहित इंडियन मेडिकल एसोसियेशन कटनी के अध्यक्ष तथा निजी नर्सिंग होम एवं निजी अस्पताल संचालकों को आदेशित किया है कि उपरोक्त बीमारियों के लक्षण पाये जाने वाले मरीज यदि क्लीनिक मे आते है तो उनका नाम पिता का नाम, पूर्ण पता, मोबाईल नंबर, संभावित लक्षण आने की दिनांक सहित डव्ल्यू.एच.ओ. के सर्विलेंस मेडिकल आफीसर डॉ जलज खरे मोबाईल नंबर 9839702202 व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई मोबाइल नंबर 9479898341 के नंबर पर तत्काल सूचना देवें। महामारी एक्ट 1897 के अधीन इन बीमारियों के संदिग्ध रोगियों की सूचना न देने वाले अथवा छुपाने वाले समस्त चिकित्सकों, स्वास्थ्य संस्थाओं तथा अन्य संबंधित के प्रति दण्ड प्रावधान है।

# अपने आखिरी आईपीएल सीजन की तैयारी करते दिखे धोनी

**पहली दो बॉलों को टाइम किया, पहला मुकाबला गुजरात के घर में खेलेगी CSK**

**चेन्नई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन 31 मार्च से शुरू होने जा रहा है। अहमदाबाद के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के हाई वोल्टेज मुकाबले के साथ लीग की शुरुआत होगी। 41 साल महेंद्र सिंह धोनी ने इस मुकाबले की तैयारी भी शुरू कर दी है। वे सीजन के पहले प्रैक्टिस सेशन में उतरे। रविवार को उनका प्रैक्टिस करते वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में धोनी ने दो बॉलों का सामना किया और दोनों को टाइम करते नजर आए। CSK ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- च्शुक्रवार के अहसास को वाकई कुछ भी मैच नहीं कर सकता। इस पर सोशल मीडिया फैंस मजेदार जवाब दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, प्लीज, ये मत कहना कि यह धोनी का आखिरी सीजन है। एक अन्य यूजर ने लिखा- एमएस धानी के लंबे छक्कों को दोबारा देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर। धोनी का आखिरी IPL हो सकता है।



## एयरपोर्ट पर हुआ शानदार वेलकम

इससे पहले महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई एयरपोर्ट पर शानदार स्वागत हुआ था। उनका स्वागत फूलों से किया गया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। धोनी का यह आखिरी IPL हो सकता है। पिछले सीजन में एक मैच के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वे संन्यास लेने वाले हैं। तो धोनी ने इसके जवाब में कहा था कि मैं जब भी संन्यास लूंगा तो अपने घरेलू फैंस के बीच लूंगा। इस बार ष्टस््य लीग चरण का आखिरी मैच अपने होम ग्राउंड पर 14 मई को खेलेगी। टीम ने 7 मई 2019 को अपने घर में आखिरी मुकाबला खेला था। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि धोनी उस मुकाबले के बाद संन्यास का ऐलान कर सकते हैं, हालांकि इस पर कोई अधिकृत बयान नहीं आया है।

## धोनी की कप्तानी में चार बार चैंपियन बनी है ष्टस््य

भारतीय लीग में CSK की टीम MI के बाद सबसे सफल टीम में से एक है। MI ने 5 खिताब जीते हैं, जबकि धोनी ने अपनी कप्तानी में ष्टस््य ने धोनी को 4 चैंपियन बनाया है। धोनी की कप्तानी में ही ष्टस््य की टीम ने 2010 में पहला खिताब जीता था। फिर 2011 और 2018 में टीम धोनी की कप्तानी में चैंपियन बनी थी। वहीं आखिरी बार वह 2021 में खिताबी जीत हासिल की थी। तब भी धोनी ही ष्टस््य के कप्तान थे।

# डेनियल मेदवेदेव ने 3 हफ्ते में लगातार तीसरा खिताब जीता


**दुबई टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन आंद्रे रूबलेव को 6-2, 6-2 से हराया**

**दुबई ,एजेंसी।** 27 साल के रूसी खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में हम वतन आंद्रे रूबलेव को 6-2 6-2 से हराकर 3 हफ्ते में लगातार तीसरा खिताब जीता। इससे पहले वे दोहा और रॉटरडैम का खिताब भी अपने नाम किया। मेदवेदेव 2021 के बाद से लगातार तीन खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले जुलाई 2021में कैस्पर रूड और अक्टूबर 2022 में फेलिक्स ऑगर-अलियासिम जीत चुके हैं। मेदवेदेव ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच को एक तरफा मुकाबले में हराया। उन्होंने दोनों सेट 6-4, 6-4 से जीत लिए और जोकोविच को वापसी करने का मौका नहीं दिया। मेदवेदेव ने जोकोविच के खिलाफ तीन साल के बाद जीत हासिल की है। दोनों खिलाड़ी 14 बार आमने-सामने हो चुके हैं। मेदवेदेव की यह पांचवीं जीत है। आंद्रे रूबलेव जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहुंचे थे फाइनल में वहीं आंद्रे रूबलेव ने भी जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर दूसरी बार दुबई टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। रूबलेव पहला सेट आसानी से 6-3 से जीत लिया। लेकिन दूसरे सेट में उन्हें जीतने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दूसरा सेट उन्होंने 7-6 से जीता।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप टीम-चयनकर्ता पर उठे सवाल

**हरियाणा की बॉक्सर मंजू और पूनम का फेडरेशन को लेटर, कहा- बेहतर प्रदर्शन पर भी बाहर निकाला**

**रोहतक, ईएमएस।** हरियाणा के रोहतक की बॉक्सर मंजू रानी व हिसार की बॉक्सर पूनम ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की चयन टीम व चयनकर्ताओं को कटघरे में खड़ा करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। साथ ही दोनों महिला बॉक्सरों ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान को पत्र लिखकर इस मामले में निष्पक्ष जांच व उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते संतोषजनक कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा सकती हैं। दोनों महिला बॉक्सरों का नेशनल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन होने के बाद भी वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम में नाम नहीं था। इसलिए खफा होकर दोनों बॉक्सरों ने यह कदम उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस बॉक्सर को नंबर एक पर स्थान दिया गया है, वह केवल हरियाणा स्टेट में खेली और कोई मेडल भी नहीं ले सकी। जिसका कैंप के अंदर तीसरे नंबर पर नाम था और उसे वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाया जा रहा है और उसे



प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। जबकि उसने वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश को सिल्वर मेडल दिला रखा है। मंजू रानी ने पत्र में लिखा कि वह लगातार अपनी ट्रेनिंग कर रही हैं, और कोई छुट्टी भी नहीं ली। यहां तक कि आज तक कोई बीमारी व इंजरी भी नहीं हुई, लेकिन फिर भी बिना कारण वर्ल्ड चैंपियनशिप से नाम हटा दिया। उन्हें किस वजह से नंबर एक से हटाकर नंबर दो पर किया गया है और वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भी नियुक्त नहीं किया गया। उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि खिलाड़ियों का मनोबल तो?ा जा रहा है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसकी जांच की जानी चाहिए। जल्द से जल्द जांच करके न्याय दिलाया जाए और वर्ल्ड चैंपियनशिप में खेलने का मौका दिया जाए। साथ ही कहा कि अगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो वे मजबूरन कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगी। हिसार निवासी बॉक्सर पूनम पूनिया ने ने क्चस्नढ्ढ के प्रधान को पत्र लिखते हुए कहा कि उन्होंने नेशनल में गोल्ड मेडल जीता और उनके साथ 11 अन्य महिला बॉक्सरों ने गोल्ड मेडल जीता था। जिनमें से 9 बॉक्सर को प्रदर्शन को देखते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चुना गया। जब उनका नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप के रिप्रेजेंटेटिव फोटो में वे नहीं दिखी तो आघात लगा। उन्होंने कहा कि वे इसके लिए कड़ी मेहनत कर रही थी। इंडिया के लिए टॉप परफॉर्मेंस देने के बाद भी देश के लिए नहीं खेल रही हैं। उन्होंने पत्र लिखकर कहा कि जो यह गलती है, उसको अगले 48 घंटे में ठीक किया जाए। अब चैंपियनशिप के लिए काफी कम समय है। ताकि वे भी तैयारी जारी रख सकें और देश को पदक दिला पाएं।

# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी धमाल मचा रही यामी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



एक्ट्रेस यामी गौतम धर इन दिनों अपनी फिल्म लॉस्ट को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। यामी गौतम बड़े पर्दे से साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी धमाल मचा रही है। फिल्म में उन्होंने एक खोजी पत्रकार की भूमिका निभाई है जो एक लापता दलित युवक की तलाश में लगी है। इसकी तलाश उसे राजनीतिक गलियारों के काले पक्ष से रूबरू कराती है। उनकी ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 16 फरवरी को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अपने अभिनय के लिए यामी खासी सुर्खियाँ बटोरने में सफल हुई हैं। लॉस्ट के बाद यामी गौतम अपनी अगली फिल्म चोर निकल के भाग को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। हाल ही में इस फिल्म की प्रदर्शित तिथि की घोषणा की गई है। चोर निकल के भागा में यामी गौतम के साथ सनी कौशल अपने अभिनय का जलवा बिखरते नजर आएंगे। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित की जाएगी। नेटफ्लिक्स ने जो अभी हाल ही में इस फिल्म को लेकर पोस्ट शेयर की है, उनमें सनी कौशल दिखाई दे रहे है। सनी कौशल का ये लुक आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है।

# शाहिद डेब्यू वेब सीरीज फर्जी की सफलता से उत्साहित

■ नई दिल्ली, ईएमएस।




बालीवुड एक्टर शाहिद कपूर अपनी डेब्यू सीरीज वेब सीरीज फर्जी की सफलता से उत्साहित हैं। फर्जी बीती 10 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गई थी। हालांकि यह दर्शकों को खासी पसन्द आई। कहने का तात्पर्य है कि फर्जी से शाहिद कपूर का ओटीटी डेब्यू सफल रहा है। सिने गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि इस सीरीज के निर्माता निर्देशक डीके-राज इसके दूसरे भाग की तैयारियों में लग गए हैं। अपनी डेब्यू सीरीज के दूसरे भाग के बारे में स्वयं शाहिद कपूर बड़ा खुलासा किया है। हाल ही में एक प्रोग्राम में पहुँचे शाहिद कपूर ने फर्जी को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि वह अपनी डेब्यू वेब सीरीज को मिले इतने प्यार से काफी खुश हैं। इसे ना सिर्फ भारत में बल्कि ग्लोबली भी काफी पसंद किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने वेब सीरीज की सक्सेस के लिए पूरी टीम को क्रेडिट दिया। इस दौरान फर्जी के दूसरे सीजन के सवाल पर शाहिद कपूर ने कहा कि उन्हें यकीन है वेब सीरीज का दूसरा सीजन बनेगा लेकिन इसमें समय लगता है।

# खमरिया के जॉयदेब राय बने मिस्टर महाकोशल




**जबलपुर यशभारत।** गत दिनों सतना में आयोजित सतना बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में आयुध निर्माणी खमरिया के जॉयदेब रॉय ने65 किलोग्राम भार वर्ग में कड़ा संघर्ष करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया ।साथ ही सभी भार वर्ग में प्रथम आए खिलाड़ियों के साथ टाइटल मुकाबले में अपनी मांसपेशियों का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मिस्टर महाकौशल का टाइटल खिताब अपने नाम किया।जायदेव ने इसके पूर्व दिल्ली में आयोजित सेंट्रल सिविल सर्विसेस बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता मे अपने भर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जॉयदेब रॉय राष्ट्रीय निर्णायक श्री देबजीत चटर्जी , राज्य निर्णायक प्रीतम सिंहऔर फैजान सिद्धकी के मार्गदर्शन में आयुध निर्माणी खमरिया जूनियर स्टाफ क्लब में अभ्यास रत हैं।

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने सलमान खान को कहा छिछोरा

**सबा कमर बोलीं- सल्लू भैया से डर लगता हैं.. मामला बढ़ने पर दी सफाई**

**मुंबई, ईएमएस।** सबा कमर ने इरफान खान के साथ फिल्म हिंदी मीडियम में काम किया था। अब उनका एक थ्रो-बैक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल 2015 में सबा एक पाकिस्तानी टीवी शो में शामिल हुई थीं। शो के एक एपिसोड के दौरान उन्हें रणबीर कपूर, रितेश देशमुख, ऋतिक रोशन, इमरान हाशमी और सलमान खान की फोटोज दिखाई गई। फोटो दिखाने के साथ ही सभी के बारे में अलग-अलग सवाल किए गए। जब स्क्रीन पर सलमान की फोटोज आई तो सबा ने उन्हें छिछोरा कह के संबोधित कर दिया।





**इमरान हाशमी के साथ काम करके माउथ कैंसर नहीं कराना-** शो के होस्ट ने सबा से कहा कि वो कुछ एक्टर्स की फोटोज दिखाएंगी। सबा को ये टास्क मिला कि वो इन एक्टर्स के साथ किस स्थिति में काम नहीं करना चाहेंगी, साथ ही इसका कारण भी बताना पड़ेगा। जब उन्हें इमरान हाशमी की फोटो दिखाई गई तो उन्होंने तुरंत मना कर दिया। सबा ने कहा कि उन्हें माउथ कैंसर से डर लगता है, इसलिए इमरान के साथ काम नहीं करेंगी। रणबीर की तस्वीर देखने के बाद उन्होंने कहा, मैंने सुना है कि दीपिका पादुकोण के साथ इसका चक्कर है, इसलिए नहीं।

**सल्लू भैया से बहुत डर लगता है-** सबा ने सलमान की तस्वीर देखने के बाद कहा, च्अल्लाह माफ करे, लेकिन सल्लू भैया से बहुत डर लगता है। कोरियोग्राफर्स की तो बिल्कुल नहीं सुनते, अपना ही डांस स्टेप बना लेते हैं। बहुत छिछोरे हैं आप।ज हालांकि जब ये वीडियो वायरल हुआ तो सलमान खान के फैंस ने सबा को ट्रोल करना शुरू कर दिया। ट्रोलिंग को देखते हुए सबा को सफाई भी देनी पड़ी।

**मामला बढ़ने पर दी सफाई-** सबा ने सफाई पेश करते हुए कहा, च्मैंने शो में जो भी कहा वो सिर्फ फन के लिए था।ज इसके साथ ही उन्होंने सलमान खान को एक बहुत बड़ा स्टार करार दिया है, साथ ही कहा है कि वो रियल लाइफ में काफी हंबल भी हैं। उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की भी तारीफ की है।

**इरफान खान के साथ काम करके फेमस हुई थीं-** सबा कमर को भारत में इरफान खान की फिल्म हिंदी मीडियम में काम करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने एक बार कहा था कि वो काफी खुशनसीब हैं कि उन्हें इरफान खान साहब के साथ काम करने का मौका मिला। इसके अलावा उन्होंने मंटो, लाहौर से आगे और मूमल रानो जैसी फिल्मों में काम किया है।

### 2021 में जारी हुआ था गिरफ्तारी वारंट

सबा कमर कॉन्ट्रोवर्सी में भी रह चुकी हैं। 2020 में लाहौर पुलिस ने सबा कमर और बिलाल सईद के खिलाफ लाहौर के पुराने शहर में मस्जिद वजीर खान को अपवित्र करने के मामले में पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295 के तहत केस दर्ज किया था। स्नढ्ढक्र के अनुसार दोनों आर्टिस्ट ने डांस वीडियो बनाकर ऐतिहासिक मस्जिद की पवित्रता को भंग किया था। सबा के इस काम से लोगों में आक्रोश पैदा हो गया और काफी विवाद हुआ भी था। पवित्रता उल्लंघन के मामले में सरकार ने दो सीनियर ऑफिसर्स को भी बर्खास्त कर दिया था। सोशल मीडिया पर सबा को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। 2021 में पाकिस्तान की एक लोकल अदालत ने उनके और एक साथी के खिलाफ लाहौर की ऐतिहासिक मस्जिद में डांस वीडियो शूट करने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

# उपासना ने अफवाहों पर लगा दिया विराम

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



साउथ के अभिनेता राम चरण और उनकी उद्यमी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनिडेला उपासना ने उन अफवाहों पर विराम लगा दिया है, जिसमें कहा जा रहा था कि उनका पहला बच्चा अमेरिका में जन्म लेगा। उपासना ने कहा है कि उनका बच्चा भारत में ही जन्म लेगा। दिसंबर 2022 में उपासना के गर्भवती होने की खबर सामने आई थी। अपोलो हॉस्पिटल्स में सीएसआर की वाइस चेयरपर्सन उपासना अपने देश में अपने बच्चे को जन्म देने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, उपासना ने ट्विटर पर स्पष्ट किया कि उनकी डिलीवरी भारत में होगी। उपासना ने ट्वीट करते हुए लिखा, मैं अपने देश भारत में अपने पहले बच्चे को जन्म देने के लिए उत्साहित हूं। अपोलो अस्पतालों में ओबी/जीवाईएन टीम में डॉ सुमना मनोहर और डॉ रूमा सिन्हा शामिल होंगे। इसके अलावा, डॉ. जेनिफर एश्टन, एक बोर्ड-प्रमाणित ओब-जीन, लेखक और यूएस से टीवी मेडिकल कॉरेस्पोंडेंट भी उस टीम का हिस्सा होंगी जो दंपति के बच्चे की डिलीवरी करेगी। बता दें कि पॉपुलर न्यूज शो गुड मॉर्निंग अमेरिका में राम चरण की उपस्थिति के बाद से अटकलें लगाई जाने लगीं थी कि कपल अमेरिका में अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की योजना बना रहे हैं।

# योगासना स्पोर्ट्स के मैडलिस्ट खिलाड़ी और कोच का हुआ सम्मान



**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ ( शिक्षण विभाग) मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स, स्वर परिंदे के संयुक्त तत्वावधान में विधायक लखन घनघोरिया के जन्मदिन पर रानी दुर्गावती संग्रहालय कला वीथिका भंवरताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान खेलो इंडिया में योगासना स्पोर्ट्स के अंतर्गत स्वर्ण पदक विजेता रिया और निष्ठा कोच द्वय शिवम गुप्ता,रुक्मणि राव को लखन घनघोरिया द्वारा सम्मानित भी किया गया.. स्वर परिंदे के द्वारा सु मधुर गीतों की प्रस्तुति की गई ।वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और श्री मनीष दुबे जी द्वारा शानदार नगमों की प्रस्तुति दी गई ।इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट डा प्रशांत मिश्रा,राजेश कांत सोनकर, दिनेश सिंह ठाकुर, राकेश नेमा, पप्पू वसीम, संजय साहू, राकेश श्रीवास्तव,जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, ठाकुर विक्रम सिंह, सूरज राय सूरज, डॉक्टर सुधीर तिवारी, एडवोकेट भावना निगम, इरफान झांस्वी डॉ अजय मिश्रा, राकेश कुरेले, डॉक्टर लोकेश श्रीवास्तव, अमोल चौरसिया, द्वारा सामूहिक रूप से पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर बल्ली रजक, जयंत जैन, शंभू सोनी, ललित सोनी, विवेक सोनी, सुरेंद्र शुक्ला सचिन राजपूत, शरद खजांची, प्रमेंद्र चौहान, विष्णु विनोदिया, बाबा अवस्थी, रत्नेश मिश्रा नागेश राव,श्री गजराज पी वैद्य, अशोक नामदेव , योगासना से विवेक पाठक,आशीष रैकवार,देवेंद्र पांडे,सलोनी अरोरा फिजियो थैरिपिस्ट डा अल्का मिश्रा की उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डा प्रशांत मिश्रा ने किया ।

# एडवोकेट प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट: टीम स्काई व टीम ब्लू जीतीं



**जबलपुर, यशभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वधान में रानीताल मैदान पर एडवोकेट प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज खेले गए पहले मैच में टीम स्काई ने टीम ब्लैक को हराया दूसरे मैच में टीम ब्लू ने वाइट को हराया। सुबह टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम स्काई ने निर्धारित 15 ओवरों में 152 रन बनाए जिसमें प्रद्युम्न पारे ने 52 और अनुराग ने 50 रन बनाए। टीम ब्लैक की तरफ से गेंदबाजी करते हुए चंदन ने एक विकेट लिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लैक मात्र 53 रन ही बना सकी। टीम की तरफ से प्रशांत कोहाड़े ने 3 विकेट लिए प्रदुम पारे को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वाइस चेयरमैन श्री आरके सिंह सैनी के द्वारा दिया गया। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के कार्यकारिणी सदस्य श्री शैलेंद्र यादव और सौरभ दीक्षित, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, सौरभ सिंह बघेल, दुर्गेश पटेल, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे। दोपहर में खेले गए दूसरे मैच में टीम वाइट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाए, जिसमें अंशुल मिश्रा ने 37 और गौरव ने 35 रन बनाए टीम ब्लू की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सरंजीत सिंह ने दो विकेट लिए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लू ने निर्धारित लक्ष्य 1 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।टीम ब्लू ने 9.4 ओवर में 123 रन बनाए और मैच जीत गए टीम वाइट की तरफ से राहुल रावत ने 1 विकेट लिया, सरनजीत को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

# अपने रोल को लेकर झिझक रहे थे कपिल शर्मा

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



एक्टर-कॉमेडियन कपिल शर्मा अपनी अपकमिंग फिल्म ज्विगाटो को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। ज्विगाटो में फूड डिलिवरी पार्टनर की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने शेयर किया कि शुरूआत में वह फिल्म में अपने किरदार को लेकर झिझक रहे थे। इसके पीछे कारण यह था कि फिल्म एक मूविंग ड्रामा है और वह अपने कॉमेडियन इमेज के साथ लगभग 2 दशकों से हर घर में फेमस है। उन्होंने कहा कि फिल्म के लिए नंदिता मैम ने मुझसे संपर्क किया और मुझे कहानी पसंद आई, लेकिन मैं इस बात से अच्छी तरह वाकिफ था कि अगर आप एक कॉमेडियन हैं तो दर्शक आपके गंभीर किरदारों से खुद को जोड़ नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा, सब मुझे 15-20 साल से देख रहे हैं, टेलीविजन पर हंसते हुए, मुस्कुराते हुए, मस्ती करते हुए तो, ऐसे में दर्शकों को मेरे एक गंभीर किरदार के रूप में कल्पना करने में थोड़ी परेशानी आती है।

## माधवनगर के अमीरगंज क्षेत्र में वारदात, आरोपी भाई गिरफ्तार

# रुपयों के विवाद पर बड़े भाई की हत्या



**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत अमीरगंज क्षेत्र में रूपयों के विवाद पर भाई ही भाई के खून का प्यास हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो छोटे भाई ने 52 वर्षीय बड़े भाई के सिर में लोहे के पाइप से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद बड़े भाई को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण करते हुए आरोपी भाई के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमीरगंज क्षेत्र निवासी 52 वर्षीय नरेश पिता किशनचंद छाबड़िया घर से 20 हजार रूपए किसी काम से लेकर निकला था। जब वापस लौटा तो छोटे भाई हरीश ने नरेश से 20 हजार रूपए का हिसाब पूछा। जिस पर नरेश हरीश से विवाद करने लगा। बताया जाता है कि मामूली कहासुनी से विवाद बढ़ा तो हरीश ने नरेश पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। जिसके कारण नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद नरेश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी तो पता चला कि भाई हरीश ने ही मारपीट कर नरेश को मौत के घाट उतार दिया है। माधवनगर थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी भाई हरीश छाबड़िया के विरूद्ध हत्या का मामला धारा 302 के तहत दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# पेट्रोल पंप को आग के हवाले करने का प्रयास

### पन्ना मोड़ में घटना, दो गिरफ्तार



**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत पन्ना मोड़ स्थित पेट्रोल पंप पर मामूली विवाद पर माचिस की तीली से पेट्रोल पंप में आग लगाने का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि पन्ना मोड़ स्थित सुनील रांधेलिया के पेट्रोल पंप में खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी अमन निषाद व सुमन निषाद नामक दो युवक मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमएन-2483 में पेट्रोल भराने पहुंचे। इस दौरान दोनों युवक ने पेट्रोल पंप कर्मचारी संदीप उरमलिया से किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। फिर दोनों ने पेट्रोल पंप को जलाने की धमकी देते हुए साथ में रखी हुई माचिस को निकाल लिया। तभी पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने सूझबूझ और तत्परता से काम करते हुए पेट्रोल डालने वाले नोजल को हटाकर और मशीन में पेट्रोल की सप्लाई को पूर्णता बंद कर दिया। इसके बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने कुठला पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन, आरक्षक शमशेर एवं सत्येंद्र सिंह ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# पांच दिन से लापता प्रौढ़ की कुएं में मिली लाश

### बरही थाना अंतर्गत बुजबुजा गांव में सनसनी



**बरही/कटनी, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम बुजबुजा में पांच दिन से लापता एक 55 वर्षीय प्रौढ़ की लाश कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी लगते ही बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवा कर अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बुजबुजा निवासी 55 वर्षीय देवारी कोल पांच दिन से लापता था। जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने बरही थाने में दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि तलाश के दौरान गांव के ही हीरालाल जायसवाल के घर के समीप बने कुएं में जब ग्रामीण पानी भरने गए तो कुएं में प्रौढ़ का शव देखकर लोग दहशत में आ गए। मामले की जानकारी बरही पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अस्पताल भेजा। जहां शवपरीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि देवारी अत्यधिक शराब पीता था, जिसके कारण संभवतः कुएं में गिर गया होगा और उसकी मौत हो गई है। बरहाल पुलिस मर्ग कायम कर हर पहलुओं की जांच पड़ताल में जुटी है।

## मारपीट पर काउंटर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम जुहली मोड़ में रमेश कुमार विश्वकर्मा पिता बिहारीलाल विश्वकर्मा निवासी जुहली के साथ संदीप कचेर ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। वहीं संदीप कचेर की शिकायत पर पुलिस ने रमेश कुमार विश्वकर्मा निवासी जुहली के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में रवि यादव पिता भागीरथ यादव निवासी सरकारी स्कूल के पास मंगलनगर के साथ आदित्य रैकवार, अनिल उर्फ भवानी रैकवार दोनों निवासी मंगलनगर ने मारपीट कर चोट पहुंचाई है व जान से मारने की धमकी दी है।

## सट्टा-पट्टी काटते तीन गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली पुलिस ने दो सटोरियों पर कार्रवाई की है। चांडक चौक ओवर ब्रिज के ऊपर राकेश पोपटानी निवासी हॉस्पिटल लाइन हरे माधव दरबार के पास कैम्प माधवनगर, जय जज्ञासी निवासी हॉस्पिटल लाइन हरे माधव दरबार के पास कैम्प माधवनगर को सट्टा खेलते पकड़ा है। एक मोबाइल भी जप्त किया है। इसी प्रकार कुठला पुलिस ने पटवारा में विनोद कुमार पटेल को सट्टा पट्टी काटते पकड़ा है। सटोरिया के पास से 4 नग सट्टा पट्टी जप्त की है।

# गांजा की तस्करी करते दो गिरफ्तार

### 30 हजार रूपए कीमती 3 किलो गांजा बरामद



### धरवारा-कारीपाथर मार्ग पर स्लीमनाबाद पुलिस की कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद पुलिस ने धरवारा कारीपाथर मार्ग पर दो युवकों को प्रतिबंधित गांजा की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों के कब्जे से लगभग 30 हजार रूपए कीमती 3 किलो प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इलाका भ्रमण के दौरान पुलिस कर्मियों ने धरवारा कारीपाथर मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम कटरा निवासी 40 वर्षीय सुरेन्द्र पिता पुस्सु सिंह व ग्राम सिमरिया निवासी 32 वर्षीय अमित पिता अनंतराम तिवारी को रोक कर पूछताछ व तलाशी ली तो दोनों के पास अलग-अलग थैले में डेढ़-डेढ़ किलो गांजा रखा मिला। दोनों युवकों के पास से बरामद किए गए प्रतिबंधित गांजा की कीमत 30 हजार रूपए बताई जा रही है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वो उड़ीसा के संबलपुर शहर से गांजा लाकर यहां बेंचते हैं। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8, 20 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी विपिन सिंह, उपनिरीक्षक संतराम यादव, आरक्षक ब्रजेश सिंह, रोहित सिंह एवं रजनीश तेकाम की भूमिका रही।

# शहर में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा भारी वाहनों का प्रवेश

### होली पर्व के दौरान पुलिस ने किया यातायात व्यवस्था में बदलाव

**कटनी, यशभारत।** होली पर्व के दौरान पुलिस के द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे ने बताया कि होलिका दहन एवं धुरेड़ी पर्व के दौरान कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा तथा सुरक्षित आवागमन को मद्देनजर 7 मार्च की रात्रि 10 बजे से 9 मार्च की रात्रि 10 बजे तक शहर में भारी वाहनों हेतु नो एंट्री में मिलने वाली छूट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान शहर के अंदर सभी प्रकार के भारी वाहन ट्रक, क्रेन, डंपर, हाइवा, जेसीबी,एलपीटी इत्यादि का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अन्य कमर्शियल वाहन जैसे यात्री बस, लोडर, पिकअप इत्यादि को शहर में आमजन की भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए समय अनुकूल प्रवेश दिया जावेगा।

## महिला पुलिस अधिकारियों ने संभाली यातायात व्यवस्था की कमान

**कटनी, यशभारत।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से अनूठा प्रयोग कराया जा रहा है। अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस के 2 दिन पहले पूरे जिले की यातायात व्यवस्था की कमान महिला पुलिस अधिकारी/कर्मचारी संभालेगी। पुलिस कप्तान सुनील कुमार जैन के निर्देशन में ट्रैफिक नियमों कि प्रति लोगो को जागरूक करने कि उद्देश्य से यह अभिनव पहल की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जिला मुख्यालय स्तर पर संपूर्ण व्यवस्था की प्रभारी उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री शालिनी परस्ते रहेंगी। वहीं उनकी सहायतार्थ रक्षित निरीक्षक श्रीमती लवली सोनी तैनात रहेंगी। मुख्यालय में लगभग 50 महिला पुलिस बल तथा अनुभाग में 20 महिला पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सड़क पर यातायात व्यवस्था की कमान संभालेंगी।

### पांच पर मामला दर्ज, 3200 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट

# शराब निर्माण व विक्रय के लिए बदनाम ग्रामों में पुलिस के छापे





**कटनी/रीठी, यशभारत।** होली त्यौहार से पहले शराब के अवैध निर्माण व विक्रय पर रीठी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के दिशा निर्देश व एएसपी मनोज केडिया के मार्गदर्शन में दो डीएसपी और चार थाना प्रभारियों ने बल के साथ रीठी थाना क्षेत्र के पारधी बाहुल्य ग्रामों में दबिश देकर शराब के अवैध कारोबार को खत्म किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रीठी थाना क्षेत्र के पारधी बाहुल्य ग्राम बिरुहली, ललितपुर, बूढ़ा, देवगांव, सुगमा, हरदुआ, मदार टेकरी में पुलिस टीमों ने दबिश दी। इस दौरान यहां पारधियों के घरों में शराब का अवैध कारोबार होता मिला। हाथ भट्ठियों में कच्ची शराब तैयार करने के लिए महुआ उबाला जा रहा था तो सैकड़ों की संख्या में डिब्बों में रखकर महुआ लाहन सड़ाया जा रहा था। पुलिस अफसरों ने शराब के अवैध कारोबारियों के घरों व खेत-खलिहानों से महुआ लाहन बरामद किया। कार्रवाई के दौरान अलग-अलग ग्रामों में करीब 3200 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया, जिसे अफसरों ने मौके पर ही नष्ट कराया। वहीं पांच लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि व्यापक पैमाने पर होली में अवैध तरीके से बनी शराब को खपाने की तैयारी थी, जिस पर शराब माफियाओं के मंसूबे पर पुलिस ने पानी फेर दिया है। रीठी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि शराब के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

गर्मी से HEAT RESISTANCE
बारिश से WATER PROOF
Roof, Slab, Tinshed, Asbestos shed Solutioning
एक दाम दो काम
Well-Done Service @₹35/sq. ft.
Tvarit Enterprises, Nigam Marg, Near Hotel Blue Diamond, Nai Basti, Katni
Call us: 6261524050

REQUIREMENT
We require an male or female Tally/Busy software accountant ability to work on computer & internet.
Salay- 10000/-
Contact no. 9425465227

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

प्रत्येक माह के चौथे रविवार महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर कटनी में
• एंजियोग्राफी • एंजियोप्लास्टी • पेसमेकर • वाल्व प्रकिया • बायपास
डॉ. अखिलेश दुबे
आयुष्मान सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें
गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल उखरी रोड, विजय नगर, जबलपुर
स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हीरा गंज, शनि मंदिर के पास, कटनी दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक
जीवन ज्योति हॉस्पिटल माधव नगर, गेट के सामने, कटनी दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक
अधिक जानकारी के लिए तुरंत संपर्क करें 6232571740, 7489927249

रेट- 75/- फीट
सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

आपके व्यापार में भरे दोगुना जोश
सफर का जानदार मजबूत और भरोसेमंद साथी
JOSH EV TECHNOLOGY
मजबूत शॉकप
JOSH E-Scooter & Bike जोश ई-स्कूटर & बाईक
आरामदायक केबिन स्पेस
- शानदार सर्विस का साथ
- लिथियम एवं लेड एसिड बैटरी 12, 18, 24, 36 माह वारंटी विकल्प
- आरामदायक सवारी । - मजबूत स्टील बॉडी
- नो पॉल्यूशन । - मेन्टेनेन्स फ्री
फायनेंस सुविधा
हैवी ड्यूटी टायर
- रिमोट लॉकिंग - म्यूजिक सिस्टम
जोश ई-रिक्शा JOSH E-Rickshaw
KK TRADERS
कार्तिक बिचपुरिया
+91 8839855506, +91 9406744264
1709, Vrindawan Colony, Jhinjhari KATNI (M.P.)

SGAT
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087, 8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

MR D.I.Y.
NOW OPEN
City Mall - Katni

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)